फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 49, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सरकार और पीएम मोदी डरे हुए हैं: राहुल

## अदाणी मामले पर सरकार झूठ बोल रही,कुछ सवाल पूछे थे, इसलिए किया जा रहा हंगामा; सरकार की मंशा ध्यान हटाने की

**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही में भाग भी लिया। हालांकि, भाजपा और विपक्ष के बीच टकराव के चलते सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई, जिसकी वजह से राहुल को बोलने का मौका भी नहीं मिला।

गौरतलब है कि भाजपा ने उन पर लंदन में देश विरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। इस पर राहुल ने कहा है कि अगर सभापति ने उन्हें मौका दिया तो वे मामले पर जरूर बोलेंगे। इसी मांग के साथ बाद में राहुल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात भी की।

**उम्मीद है कि आज मुझे संसद में बोलने दिया जाएगा:** उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कल मुझे संसद में बोलने दिया जाएगा। आज मेरे पहुंचने के एक मिनट के अंदर ही सदन स्थगित हो गया था। कुछ दिन पहले सदन में जो मैंने भाषण दिया। अदाणी को लेकर जो सवाल उठाए गए उसे हटा दिया गया। पूरे भाषण को ही हटा दिया गया। सरकार हंगामा कर के मामले से ध्यान हटाना चाहती है।

**सरकार के चार मंत्रियों ने मुझ पर आरोप लगाए:** राहुल ने कहा कि सरकार के चार मंत्रियों ने हंगामे का नेतृत्व किया। यह सब मेरे सवालों के जवाब देने से बचने के लिए किया जा रहा है। मैं सांसद हूं तो मेरी पहली जिम्मेदारी संसद में जवाब देने की है। इसलिए पहले मैं संसद में जवाब दूंगा, उसके बाद ही आपसे रूबरू होऊंगा और विस्तार से बात करूंगा।

**अदाणी पर सवाल उठाए इसलिए हंगामा: कांग्रेस सांसद:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज मेरे पहुंचने के एक मिनट बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। कुछ दिन पहले जो मैंने सदन में नरेंद्र मोदी और अदाणी के रिश्ते पर जो भाषण दिया, उसे सदन की कार्रवाई से हटा दिया गया। वह भाषण ही हटा दिया गया था। भाषण में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिसे मैंने सार्वजनिक रिकॉर्ड से न निकाला हो। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री अदाणी मामले को लेकर डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने यह 'तमाशा' तैयार किया है। मुझे लगता है कि मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाएगा। मुख्य सवाल यह है कि पीएम मोदी और अदाणी के बीच क्या संबंध है।

**यह लोकतंत्र की परीक्षा: कांग्रेस सांसद**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जैसा कि संसद में आरोप लगाए गए हैं, ऐसे में बोलने का अवसर मिलना मेरा लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर भारतीय लोकतंत्र काम कर रहा होता तो मैं संसद में बोल पाता। वास्तव में आप जो देख रहे हैं वह भारतीय लोकतंत्र की परीक्षा है।





## सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे राहुल गांधी

**भाजपा ने** गुरुवार को राहुल गांधी से माफी मांगने पर जोर दिया और कहा कि पहले वह देश से माफी मांगे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी ने चालू बजट सत्र के दौरान कहा कि न केवल सांसद बल्कि पूरा देश राहुल गांधी की टिप्पणियों से नाराज है, जिसने न केवल संसद बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में बिल्कुल बेबुनियाद और झूठा आरोप लगाया है, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। गोयल ने कहा कि वह ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह बिना किसी पछतावे के देशभक्ति का महान कार्य करके आए हैं।

## कब तक देश की जनता को गुमराह करते रहेंगे राहुल: बीजेपी

**नई दिल्ली: रा**हुल गांधी अपने विदेशी दौरे से लौटते ही गुरुवार को संसद पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से बोलने का मौका मांगा, लेकिन भाजपा और विपक्ष के बीच चल रही खींचतान के चलते सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई और राहुल को बोलने का मौका नहीं मिल पाया। इसके बाद राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब दिया और कहा कि मैं सांसद हूं तो मेरी पहली जिम्मेदारी संसद में जवाब देने की है। वहीं अब राहुल के आरोपों पर भाजपा ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब दिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि राहुल गाधी आप देश के 140 करोड़ लोगों को कब तक गुमराह करेंगे। भाजपा फिर दोहराती है कि उन्होंने कहा था कि 'अमेरिका और यूरोप को भारत के लोकतांत्रिक पिछड़ेपन पर ध्यान देना चाहिए। विदेशों में भारतीय लोकतंत्र की आलोचना कर भारतीयों की भावनाओं का अपमान करना उनकी आदत है। हम राहुल गांधी से माफी मांगने तक देशभर में अभियान करते रहेंगे।

राहुल गांधी अवतरित होते ही झूठ बोलने लगे हैं। राहुल गांधी जी आप कब तक देश को गुमराह करते रहेंगे। यह बड़ा सवाल है। उनसे माफी की मांग क्यों की जा रही है, क्योंकि आपने विदेश में यह कहा कि अमेरिका और यूरोप को भारत में गिरते लोकतंत्र पर नोटिस करना चाहिए। उनकी आदत है कि विदेश जाएंगे तो भारत और यहां की जनता का अपमान करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल की चीन प्रेम एक बार फिर सामने आया है। चीन की विदेश नीति उन्हें काफी रास आ रही है। इसके विपरीत पूरी दुनिया चीन के आक्रामक रवैये को देख रही है। उस पर सवाल कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल को देश में लोकतंत्र नहीं दिखता, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इटली के प्रधानमंत्री ने तो देश में आकर भारतीय लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी।

## महबूबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक से आगबबूला हुए उलमा

**सहारनपुर: जम्मू क**श्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती के पुंछ के नवग्रह मंदिर पहुंच कर शिवलिंग पर जल चढ़ाने को उलमा ने सरासर गलत बताया है। साथ ही उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए किसी दूसरे धर्म की परंपराओं पर अमल करने को इस्लाम के खिलाफ करार दिया। मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि मुसलमान को अपने मजहब के ऊपर ही अमल करना चाहिए। दूसरे के मजहब की परंपराओं को अपनाने की शरीयत में कोई इजाजत नहीं है। मुसलमान हैं तो मुसलमानों वाले काम करें। गैर मुस्लिमों वाला कोई काम न करें। मुफ्ती असद ने कहा कि यह कोई फतवा नहीं है। बल्कि यह मेरी जाति राय है। इस्लाम इसके बारे में क्या कहता है। मैनें सिर्फ वो ही बताया है। इसलिए मुसलमान को चाहिए कि वह वो काम करे जिसका हुक्म इस्लाम में दिया गया है। उसके अलावा किसी गैर मजहब के तरीकों को इख्तियार करता है तो वह मुनासिब नहीं है। उन्होंने कहा कि मुल्क आजाद है सबको अपने अच्छे और बुरे के बारे में मालूम है। कोई क्या करता है उसके ऊपर हमारा कोई हक नहीं है। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा का कहना है कि इस्लाम में सिर्फ नाम रख लेना काफी नहीं होता।

उसके लिए इस्लाम के कायदे कानूनों को भी मानना पड़ता है। सच्चा और पक्का मुसलमान अच्छे से जानता है कि उसके किस कार्य को करने से वो इस्लाम खारिज हो जाता है। इसी तरह महबूबा मुफ्ती ने मंदिर में जाकर पूर्जा अर्चना की है। अगर वह खुद को पक्की सच्ची मुसलमान समझती हैं तो उनको मालूम होना चाहिए कि वह इस्लाम में रही हैं या नहीं।



## वित्त वर्ष 2023-24 में 6 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था: क्रिसिल

**नई दिल्ली: रेटिंग** एजेंसी क्रिसिल ने गुरुवार को देश की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2023-24 में छह फीसदी की धीमी रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद जताई है। क्रिसिल ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय कंपनियों के राजस्व में दोहरे अंकों में वृद्धि हो सकती है। इस लिहाज से आगामी वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि कमजोर दिख रही है। हांलाकि, एजेंसी का मानना है कि अगले पांच वित्त वर्ष में भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी।

## चीता हेलीकॉप्टर क्रैश: दोनों पायलटों की जान गई



**गुवाहाटी: अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला में सेना** का एक चीता हेलीकॉप्टर गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वेस्ट कामेंग जिले के एसपी बी.आर.बोमारेड्डी ने अमर उजाला को बताया कि हेलीकॉप्टर हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है। मारे गए पायलटों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल वीवीबी रेड्डी और मेजर जयंत ए का शव दुर्घटना स्थल से बरामद कर लिया गया है। दोनों के शवों को निकट के अस्पताल लाया जा रहा है, जहां पर अंतिम कार्रवाई की जाएगी। शव शाम करीब चार बजे मिले। सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। पिछले साल अक्तूबर में भी तवांग क्षेत्र में सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें एक पायलट की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9.15 बजे अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला के पास एक ऑपरेशनल सॉर्टी के दौरान आर्मी एविएशन के चीता हेलीकॉप्टर के एटीसी से संपर्क टूटने की सूचना मिली थी। बाद में पता चला कि हेलीकॉप्टर बोमडिला के पश्चिम में मंडला के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

पिछले साल पांच अक्तूबर को अरुणचाल प्रदेश के तवांग में एक नियमित उड़ान के दौरान सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में सेना के दो पायलट घायल हो गए थे, जिनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। सेना के अधिकारी ने बताया था यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे एक नियमित उड़ान के दौरान तवांग के आग्रिम क्षेत्र जेमीथांक सर्कल के बाप टेंग कांग जलप्रपात क्षेत्र के पास न्यामजांग चू में हुई।

## 'रामपुर पब्लिक स्कूल खुला रहेगा, बच्चों की परीक्षा में कोई बाधा नहीं'

**प्रयागराज: इलाहाबाद** हाईकोर्ट में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट द्वारा परिसर स्थित रामपुर पब्लिक स्कूल को सीज करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर आज प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार स्कूल को खोले रखेगी और बच्चों की परीक्षा के लिए स्कूल 6 बजे से शाम 3 बजे तक खुला रहेगा। सरकार की तरफ से कहा गया कि विद्यालय में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता द्वारा दी गई अंडरटेकिंग पर याचिका की सुनवाई कर रहे जस्टिस एस.पी. केसरवानी व जस्टिस एके गुप्ता की खंडपीठ ने रामपुर के जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि वह अपर महाधिवक्ता के बयान पर अमल करें। कोर्ट इस याचिका पर अब 21 मार्च को पुनः सुनवाई करेगी। याचिका के अनुसार, मौलाना मोहम्मद अली जौहर शोध संस्थान की भूमि पर रामपुर पब्लिक स्कूल बना है। ट्रस्ट की यह जमीन लीज की थी, जिसका पीरियड 28 जनवरी 2023 को समाप्त हो गया। उसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपुर ने रामपुर पब्लिक स्कूल की बिल्डिंग खाली करने का निर्देश दिया।

## आम आदमी पार्टी ने एलजी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली: दिल्ली** के एलजी विनय कुमार सक्सेना पर आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को गंभीर आरोप लगाए। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने साबरमती आश्रम से संबंधित 20 साल पुराना वीडियो जारी कर कहा कि इस वीडियो को देख देश के लोगों को शर्म आएगी। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने वीडियो के जरिए एलजी पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में एक ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी वाले पद पर बिठा दिया गया है, जो आज से 20 साल पहले साबरमती आश्रम में मेधा पाटकर पर हमला करने वाले हिंसक समूह के सरगना रहे हैं और आरोपी नंबर 4 भी हैं। इतना संगीन आरोप होने के बाद भी उसे दिल्ली का एलजी बना दिया गया। सिंह ने कहा कि एलजी कोर्ट की कार्यवाही से भाग रहे हैं। उन्हें पता है कि सजा हो जाएगी। सिंह ने सवाल किया है कि जिस व्यक्ति ने साबरमती के आश्रम में हिंसा भड़काई। क्या ऐसे व्यक्ति को दिल्ली का एलजी बने रहना चाहिए ? क्या ऐसे व्यक्ति की अर्जी को मैं कोर्ट नहीं लाऊंगा। वहीं आप प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि एलजी न संविधान का पालन करते हैं, न कोर्ट का सम्मान करते हैं। वे खुद को गवर्नर से ऊपर और प्रेसिडेंट से नीचे मानते हैं, इसलिए कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने से छूट के लिए एफिडेविट देते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की महिलाओं की प्रधानमंत्री मोदी से अपील है कि वह आपराधिक छवि वाले एलजी को पद से हटाए।



### मुख्यमंत्री का निर्देश, क्रॉप कटिंग के दौरान डीएम हर हफ्ते करेंगे समीक्षा बैठक

## करीब 80 हजार ग्राम पंचायतों में करा रही क्रॉप कटिंग प्रयोग

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में इस साल रबी की फसलों से न सिर्फ किसानों को बल्कि सरकार को भी अच्छी खासी उम्मीद बंधी है। इसे देखते हुए योगी सरकार तकरीबन 80 हजार ग्राम पंचायतों में 3 लाख से ज्यादा क्रॉप कटिंग प्रयोग करा रही है। क्रॉप कटिंग प्रयोग को केंद्र सरकार द्वारा निर्मित सीसीई एग्री ऐप से शत प्रतिशत कराया जाना है, जिसे प्रदेश के राजस्व विभाग के कर्मचारी संपादित करेंगे। प्रदेश में रबी की फसलों की कटाई का समय 25 फरवरी से शुरू हो चुका है, जोकि 10 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर हफ्ते फसलों की कटाई को लेकर समीक्षा बैठक करें। उत्तर प्रदेश में 2022-23 के रबी सीजन की फसलों की कटाई का दौर शुरू हो चुका है। सरकार का आकलन है कि इस बार सभी फसलों की स्थिति अच्छी है। वर्तमान में लाही-सरसों, आलू, मसूर, चना, अलसी, जौ एवं गेहूं की कटाई का सीजन चल रहा है। पैदावार के वास्तविक आंकड़े ज्ञात करने के लिए योगी सरकार क्रॉप कटिंग प्रयोग शुरू करा चुकी है। प्रयोग से उपलब्ध होने वाले आंकड़ों के हिसाब से सरकार उपज का ठीक-ठीक आकलन कर सकेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश की 79,622 ग्राम पंचायतों में कुल 3.18 लाख क्रॉप कटिंग प्रयोग कराये जा रहे हैं। इसके लिए राजस्व परिषद की ओर से पहले ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं। दो दिन पहले ही मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने भी क्रॉप कटिंग प्रयोगों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की है। इस दौरान उन्हें बताया गया कि 3.18 लाख प्रयोगों के सापेक्ष अबतक 3742 प्रयोगों का संपादन सीसीई एग्री ऐप के जरिये पूरा किया जा चुका है।



## जोजिला दर्रा 68 दिन बाद खुला

### लद्दाख और गुरेज घाटी से संपर्क बहाल, भीषण बर्फबारी के बाद 6 जनवरी को बंद किया गया था 11,650 फीट ऊंचाई का दर्रा

**नई दिल्ली: सीमा** सड़क संगठन (बीआरओ) ने गुरुवार को ग्रेटर हिमालयन रेंज पर सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला दर्रा खोल दिया है। 11,650 फीट ऊंचाई पर स्थित जोजिला दर्रा मौसम की कठिन परिस्थितियों के बीच भीषण बर्फबारी के बाद 6 जनवरी को बंद कर दिया गया था। पिछले वर्ष इसे 73 दिनों बाद खोला गया था। इस बार बीआरओ ने पांच दिन पहले ही यातायात के लिए खोल दिया है, जिससे लद्दाख और गुरेज घाटी से संपर्क बहाल हो गया है। जोजिला दर्रा केंद्र शासित प्रदेशों लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर के बीच प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। इसे मौसम की कठिन परिस्थितियों के बीच अथक बर्फ निकासी अभियानों के माध्यम से इसको 6 जनवरी तक यातायात के लिए खुला रखा गया था। दर्रा बंद होने के बाद बीआरओ ने प्रयास किये कि जोजिला दर्रा कम से कम समय के लिए बंद हो। पिछले वर्ष यह 73 दिन में और बीते वर्षों के 160-180 दिनों की तुलना में इस वर्ष केवल 68 दिनों के लिए ही अवरुद्ध रहा है।



## खबर संक्षेप

### पागल कुत्ते के हमले में कई लोग हुए घायल

**हनुमानगंज।** कुत्तो का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। इधर बीच किसी न किसी शहर से कुत्तो के हमले की खबरे आ रही है। तेलंगाना, भोपाल में कुत्तो के हमलों से हुई मासूमों की मौत की खबर ने सभी को विचलित कर दिया अब ताजा मामला बहादुरपुर विकास खंड का है जहां एक कुत्ते ने करीब दर्जन भर लोगों को नोच कर घायल कर दिया है। बताया जाता है कि कोटवा, मलखानपुर, जमुनीपुर में तीन दिनों के भीतर कुत्ते ने इंसानो के साथ कई पालतू जनवरो को भी काट लिया। दो दिन पहले कोटवा निवासी गणेश बहादुर सिंह सुबह घर के बाहर बैठे थे तभी एक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया जब तक वह कुछ कर पाते वह उनके चेहरे को नोचने लगा। शोर मचाने पर परिजन दौड़े तब किसी तरह उनकी जान बच पाई। इसी तरह गांव के ही विजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, काजू समेत कई मासूम बच्चो को भी कुत्ते ने काटा लिया है। ग्रामीणों की माने तो उसने पालतू गाय,भैंस को भी नोचा है। कुत्ता पागल बताया जा रहा है। अभी तक उसे पकड़ा नही जा सका है जिसकी वजह से लोग भयभीत है। अपने बच्चो को अकेला बाहर नही छोड़ रहे है।

# नारीबारी के फुलतारा में चल रही थी फर्जी क्लीनिक, अधीक्षक ने लगाया ताला

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** फर्जी क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को एक और क्लीनिक पर ताला लगाया गया है। सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के नारीबारी,फुलतारा में चलाए जा रहे एक ऐसे ही क्लीनिक को सीलकर दिया है, जो बिना पंजीकरण के चलाया जा रहा था। खास बात यह है कि यहां पर मरीजों का इलाज करने वाला तथाकथित डाक्टर भी झोलाछाप है।

हाल के दिनों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिना पंजीकरण के चलने वाले अस्पतालों, क्लीनिक व झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में भी ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। गुरुवार को सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह अपनी टीम के साथ नारीबारी के फूलतारा में पहुंचे, जहां पर कोहड़िया निवासी एमए खान पुत्र रफी के द्वारा एक क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। जांच में पता चला कि क्लीनिक का पंजीकरण नहीं है, साथ ही एमए खान के पास मेडिकल प्रैक्टिस करने की कोई डिग्री भी नहीं है। इसे देखते हुए क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। अधीक्षक ने बताया कि इलाके में फर्जी अस्पताल चलाने वालों की कुंडली तैयार की जा रही है। शीघ्र ही सभी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जांच करने वाली टीम में सीएचसी के अधीक्षक के साथ ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक मिश्र, ब्लॉक लेखाधिकारी सुनील यादव आदि भी शामिल रहे।

### विद्युत विभाग की उदासीनता से तरहार क्षेत्र में छाया अंधेरा, पीने के पानी को लेकर हाहाकार

**लालापुर।** तहसील क्षेत्र के लालापुर विद्युत उपकेंद्र की उदासीनता के कारण इस उपकेंद्र के गांवों में की जाने वाली विद्युत पूरी तरह से बाधित रही जिससे समूचे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा। विधुत सप्लाई न मिलने के वजह से क्षेत्र में पानी पीने के लिए हाहाकार मचा हुआ। बताया गया कि गुरुवार को विद्युत उपकेंद्र लालापुर की सुबह छः बजे से बिजली की सप्लाई अनवरत बंद है। लोगों ने आरोप लगाया कि लालापुर उपकेंद्र अब सिर्फ भगवान भरोसे है । यहाँ सरकारी कर्मचारी की तैनाती है। पर वो किसी काम के नहीं हैं।प्राइवेट (संविदा) पर तैनात लाइन मैन व कर्मचारियों की हड़ताल शुरू होते ही बिजली सप्लाई बंद हो गई है। इससे ये सिद्ध हो गया है की विद्युत उपकेंद्र सिर्फ प्राइवेट कर्मचारी ही चला सकते हैं। लोगों ने तो सरकार से मांग भी कर दी है कि सरकारी कर्मचारियों को हटा कर इसको संविदा कर्मियों को सौंप दिया जाय। बताया कि सरकारी कर्मचारियों के पास फोन उठाने तक का समय नहीं है। लालापुर विद्युत उप केंद्र के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण समूचे क्षेत्र में दिनभर बिजली गुल रही । अगर यही हाल रहा तो रात को भी अंधेरा छाया रहेगा।

## मिशन मोदी अल्पसंख्यक गंगापार के जिलाध्यक्ष को मिल रही हत्या की धमकी

### शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार



**मऊआइमा।** मिशन मोदी डेमोक्रेसी ट्रस्ट अल्पसंख्यक मोर्चा प्रयागराज के गंगापार इकाई के जिलाध्यक्ष अजहरुल इस्लाम को महज भाजपा में रहने के कारण निरंतर हत्या की धमकी मिल रही है।उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी अजहरुल इस्लाम पुत्र फखरुल इस्लाम मिशन मोदी डेमोक्रेसी डेवलपसेंण्ट ट्रस्ट अल्पसंख्यक प्रयागराज गांगापार के जिलाध्यक्ष हैं। उनका आरोप है कि वह भाजपा की पैरवी करते हैं।जिससे गांव के कतिपय लोगों को जलन होती है।अजहरुल इस्लाम का आरोप है कि गत फरवरी माह में गांव के कतिपय अपराधी प्रवृत्ति ने सोरांव तहसील में उन्हें जान से मारने की कोशिश की जिसपर उन्हें लहुलुहान कर दिया गया था। अजहरुल इस्लाम ने सोरांव थाने में 13 फरवरी को महरौंडा के निसार, लईक, राफे ,अफसार तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। जिससे उक्त लोग एक गिरोह बना कर हर समय हत्या की कोशिश में लगे रहते हैं। अजहरुल इस्लाम का आरोप है कि उक्त लोग एक अपराधी प्रवृत्ति के हैं। जिनके खिलाफ मऊआइमा थाने में आधा दर्जन से अधिक एंव जिले के अनेकों थानों में मुकदमा दर्ज है। अजहरुल इस्लाम का सबसे गंभीर आरोप है कि ईदगाह की जमीन पर उक्त दबंगों ने मार्केट बना लिया है। जिसकी पैमाइश आदि हो चुकी है। जल्द ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही होगी। जिससे उक्त दबंग उससे खुन्नस खाए हुए हैं। अजहरूल इस्लाम ने मुख्यमंत्री ओर कमीशनर के यहां तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।






# बिजली कर्मियों की हड़ताल से बेपटरी हुई आपूर्ति, बिजली घर पर पुलिस तैनात

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 72 घंटे की हड़ताल शुरू किए जाने के कारण उन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति चरमरा गई है, जहां पर फाल्ट हो गया है। हालांकि जिला व पुलिस प्रशासन ने पूर्व निर्धारित हड़ताल के मद्देनजर सभी एहतियाती कदम उठाया है, बावजूद इसके कुछेक क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चौपट हो गई है। यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में भी गुरुवार को यही स्थिति देखने को मिल रही है। बिजली नहीं मिलने के साथ लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम कपारी, अभयपुर, बंधवा, बेमरा, जिल्ला, आमगोंदर, नौढिया उपहार समेत तमाम ग्रामों में विद्युत व्यवस्था बीते दो दिनों से प्रभावित है। वहीं नगर पंचायत शंकरगढ़ की व्यवस्था सुचारू रूप से कायम रहे, इसके लिए शंकरगढ़ थाना से कांस्टेबल मोहम्मद हाशिम और उग्रसेन को विद्युत सबस्टेशन में तैनात किया गया है, ताकि किसी भी सूरत में विद्युत आपूर्ति को बाधित न किया जा सके। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों द्वारा 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से 72 घंटे की हड़ताल की घोषणा की गई है। यह हड़ताल प्रदेशव्यापी है। इसके लिए संघर्ष समिति काफी पहले से घोषणा कर चुकी है। संघर्षरत बिजली कर्मियों के द्वारा बनाई गई संघर्ष समिति के द्वारा 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे हड़ताल की नोटिस है, साथ ही संघर्ष समिति ने नोटिस में यह भी लिखा है कि आंदोलन के कारण किसी भी कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई तो प्रदेश भर में सामूहिक जेल भरो आंदोलन और अनिश्चितकालीन हड़ताल उसी समय प्रारंभ हो जाएगी। बिजली कर्मियों का यह विरोध प्रदर्शन विभाग के निजीकरण, आउटसोर्सिंग और कई अन्य नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है।

# व्यापार मंडल नैनी का होली मिलन समारोह संपन्न

**गांव का गांव नैनी में बसता चला जा रहा है, रोजगार के मामले में नैनी में तेजी से विकास हो रहा है: अभिलाषा**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल नैनी के तत्वाधान में बुधवार को स्टेशन रोड नैनी में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी व महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, डॉ. कृतिका अग्रवाल, पदुम जायसवाल, कुमार नारायण, वार्ड 20 के पार्षद प्रतिनिधी मुकेश भारती ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।देर रात तक चले कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं जोन वार्ड 20 के सफाईकर्मियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बोलते हुए महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पहले तो सभी क्षेत्र की जनता को होली की शुभकामनाएं दी। नेताद्वय ने आगे कहा कि अब गांव का गांव नैनी मे बसता चला जा रहा है। शहर की तहर की नैनी भी तेजी से रोजगार समेंत अन्य मामलों मे आगे बढ़कर विकास कर रहा है। इस आयोजन के लिए व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल व समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन भी किया गया। भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन में कवियों ने लोगों को अपनी कविताओं से खूब हंसाया। कार्यक्रम के दौरान भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लभगभग चार हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विशेष रूप से हरिकृष्ण तिवारी बबलू, लक्ष्मीकांत कांत तिवारी, नरसिंग, राजन शुक्ला, संजय केसरवानी, राजीव वर्मा उर्फ गुड्डू गैरेज, मोनू जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, लालजी जायसवाल, महिला मोर्चा से आकांक्षा जायसवाल, सुमन गुप्ता, उषा रानी, खुशबू केसरी, सौम्या श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन राकेश जायसवाल ने किया।



## पूर्वजों के मोक्ष हेतु राचनपुर, बघेड़ी से गया धाम किया प्रस्थान

**जंघई।** राचनपुर, बघेड़ी गांव निवासी रामधर शुक्ल सपत्नी पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों के श्राद्ध, मोक्ष हेतु मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यान केंद्रित करके अपने आराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु गुरुवार को गया धाम प्रस्थान किया। पितरों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पितरों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों में अक्षत छिड़कते हुए प्रस्थान किया।इस अवसर पर सज्जन कुमार शुक्ल, मनीष शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, संजय शुक्ल, शिवम शुक्ल, अनुभव शुक्ल, अनुराग शुक्ल, अंश शुक्ल, अमन शुक्ल, कलेक्टर शुक्ल, हरिओम पांडेय, वीरेंद्र कुमार पांडेय, इंद्रमणि पांडेय, गोपाल पांडेय, राजकुमार दुबे, कलेक्टर दुबे, उधम यादव, राकेश शर्मा, त्रिवेणी नाथ यादव, शिवशंकर यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।





# जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट होकर उनकी रक्षा करते हैं : देवाचार्य

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** पतवां गांव में दिनेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं विमला पांडेय मुख्य यजमान के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक राधामोहन शरण देवाचार्य महाराज वृंदावन धाम ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है जीवन ईश्वर प्राप्ति के लिए मिला है मनुष्य को नित्य प्रति समय निकालकर ईश्वर आराधना उपासना अवश्य करते रहना चाहिए भगवान की भक्ति करना मन का विषय है।करोड़ों जन्मों के पुण्य उदय होते हैं तब सत्संग की प्राप्ति होती है इसी के साथ शुकदेवजी का आगमन, सृष्टि की उत्पत्ति, देवहूति कर्दम संवाद, कपिल अवतार, शिव सती संवाद एवं ध्रुव चरित्र तक की कथा सुनाई।महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। आरती प्रसाद वितरण किया गया कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।इस अवसर पर परिजनों में अजय पांडेय, जुही पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मधु पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, मनीषा, सचिन पांडेय, श्रद्धा पांडेय, अर्जुन एवं आगंतुकों में अशोक कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार तिवारी, लालजी तिवारी, हृदयनाथ मिश्र, कृपाशंकर श्रीवास्तव, विनोद कुमार दुबे, शैलेश पाठक, किशन पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नाम वापसी के बाद साफ हुई डायरेक्टर पद के चुनाव की तस्वीर

**साधन सहकारी समिति :**

**चुनाव के लिए प्रतीक चिन्ह आवंटित,18 को होगा मतदान**

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** साधन सहकारी समितियों के डायरेक्टर/संचालक पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी हुई। नाम वापसी के बाद अब साघन सहकारी समिति के लिए करवाए जाने वाले चुनाव की स्थिति पूरी तरह साफ हो चुकी है। कहने के लिए यह चुनाव बहुत छोटा है और साधन सहकारी समिति का है, बावजूद इसके प्रत्याशी राजनैतिक रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। गहमागहमी को देखते हुए नौढ़िया उपरहार,अकौरिया समेत कई स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस की टीमों को तैनात किया जा रहा है। विकास खंड शंकरगढ़ में गुरुवार को नाम वापसी के बाद नौ सीटों पर मतदान की तैयारी शुरू कर दी गई है। इन सीटों में नौढ़िया और भारत नगर में कई दावेदारों के सामने आने से चुनाव रोचक हो गया है। यह जानकारी देते हुए एडीओ (कोऑपरेटिव) लल्लन प्रसाद ने बताया कि नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। 18 मार्च को चुनाव सुबह 10 बजे से 4 बजे तक संपन्न करवाया जाएगा और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 मार्च को समिति के सभापति का चुनाव किया जाएगा। फिलहाल साधन सहकारी समिति के चुनाव को लेकर क्षेत्र में खासी गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। 16 मार्च को नौढिया उपरहार में एक नाम वापसी के बाद 4 जगहों नौढिया उपरहार, कुबरी, पहाड़ी कला और नेवरिया में चुनाव करवाया जाएगा। इसी तरह अकौरिया में दो नाम वापसी के बाद एक स्थान करियाखुर्द और भारत नगर में दो नाम वापसी के बाद सामान्य सीट झंझरा और सतपुरा में चुनाव होगा। जबकि बड़गडी में एक पर्चा निरस्त हुआ है और 2 जगहों पर नाम वापसी के बाद एक जगह गोल्हैया और सुरवल साहनी में एक सीट सुरवल में चुनाव होगा। नाम वापसी की प्रक्रिया को संपन्न करवाने में ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र मौर्य, दीपेश सिंह, शशिकांत सिंह, गौरीशंकर, रवि सोनकर, आशीष सिंह, आशुतोष जौहरी, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे। बताते चलें कि विकास खंड शंकरगढ़ में कुल नौ साधन सहकारी समितियां हैं। शंकरगढ़ साधन सहकारी समिति, शिवराजपुर, गोइसरा और अतरसुइया में नौ-नौ वार्ड हैं, जहां पर 14 मार्च को हुए नामांकन के बाद डायरेक्टर/संचालक पद का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।

### समितियों का निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न

**जसरा।** प्रारम्भिक सहकारी समितियों के निर्वाचन में गुरुवार को जसरा की 6 सहकारी समितियों में नाम वापसी का कार्य पूर्ण होने के बाद ही 54 संचालकों में 48 संचालक सदस्य निर्विरोध निर्वाचित किये गये। जसरा ब्लॉक में कुल 6 सहकारी समितियों में किसान सेवा सहकारी समिति जसरा में निर्वाचन क्षेत्र सेन्धुवार सीट पर दो प्रत्याशियों के होने से चुनाव 18 मार्च को होगा। इसी तरह चिल्ला गौहानी सहकारी समिति में वार्ड संख्या दो गोझवार में दो प्रत्याशी के साथ ही किसान सेवा सहकारी समिति घूरपुर में इरादतगंज, बिगहिया,बोंगी व घूरपुर यानी कुल चार निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होना है। इसी के साथ ही शेष अड़तालिस क्षेत्रों में प्रत्याशियों ने निर्विरोध निर्वाचित किये गये। वहीं खंड विकास अधिकारी जसरा ने सभी 6 समितियों के निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगे समिति के सचिवों को चुनाव प्रक्रिया से दूर कर दिया। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता जसरा राकेश सिंह ने बताया कि समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया शान्ति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## न्यूज झरोखा

### मऊ आइमा में किया गया राष्ट्रपति अभिभाषण पर कार्यक्रम



**मऊआइमा।** संगठन के निदेर्शानुसार मऊआइमा नगर मंडल के सेक्टर छाता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान बूथ समिति व पन्ना प्रमुख बनाकर संगठन के निदेर्शों के पालन पर जोर दिया गया । तथा कहा गया कि संगठन को मजबूत किया जाए।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व निदेशक भूमि विकास बैंक रामपलट पटेल, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला , जय प्रकाश नारायण पटेल,सलोने, दिवाकर मिश्रा , राम कैलाश पटेल, अभय राज सिंह ,कालीचरण ,धर्मेंद्र पासी, सुरेश मिश्रा, विकास पांडेय, गोविंद केसरवानी, रवी जयसवाल आदि लोग मौजूद थे।

### जामिया अरबिया अनवारुल उलूम का वर्षिक अधिवेशन आज



**मऊआइमा।** मऊआइमा के जामिया अरबिया अनवारूल उलूम का वार्षिक अधिवेशन 17 मार्च शुक्रवार को देर शाम को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान कासमी ने देते हुए बताया कि जिसमें मुफ्ती अमीन देवबंद ,कारी इकरार देवबंद ,आदम मुस्तफा फिरोजाबाद ,मौलाना हकीम उद्दीन ,नई दिल्ली, कारी बातिन, कारी महमूद, कारी शब्बीर सरायमीर, मौलाना अख्तर आदि लोग शरीक हो रहे हैं।

### बूथ सशक्तिकरण हेतु भाजपा की बैठक सम्पन्न




**जसरा।** गुरुवार को जसरा पंचायत भवन में भाजपा पदाधिकारियों ने सशक्तिकरण हेतु बैठक की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हम अपना जनप्रतिनिधि बना पाएंगे। इसके लिए आप सबको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। मुख्य वक्ता जिला मंत्री यमुनापार ने राष्ट्रपति का अभिभाषण पढ़कर कार्यकताओं को सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला व संचालन भूपेंद्र पाठक ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, प्रीतम केसरवानी, नीरज केसरवानी,ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, वीरेंद्र पाठक, आलोक द्विवेदी, सुबोध जायसवाल, अरूण मालवीय, मेलाराम, दीपचंद्र मोदनवाल, राम केसरवानी, रामजी त्रिपाठी, शशीकांत पांडेय,आलोक पाठक,अवध बिहारी मिश्रा, अशोक तिवारी, सुरेश मिश्रा, गोपाल केसरवानी, अर्जुन विश्वकर्मा, हजारी लाल पटेल, देवराज सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**शंकरगढ़।** नारीबारी पुलिस चौकी क्षेत्र में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते नाराज परिजनों ने रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। एनएच पर जाम की सूचना होते ही एसीपी बारा संतलाल सरोज, एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह, नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष कुमार आदि मौके पर पहुंचे और नाराज परिजनों को समझाकर मामले को शांत कराया। काफी प्रयास के बाद परिजन सड़क से शव उठाने को तैयार हुए। पुलिस ने बताया कि शव को चीरघर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के सलैया खुर्द निवासी रामबाबू (40) पुत्र हरीलाल किसी कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा नारीबारी की तरफ जा रहा था। रास्ते में उसे कार से टक्कर लग गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से जख्मी रामबाबू को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर लौट आए और एनएच पर शव रखकर जाम लगा दिया। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को समझा कर मामले को शांत करा दिया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। शव को चीरघर भेजते हुए आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम ने की उ.प्र. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एमओयू की प्रगति के सम्बंध में बैठक

## मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड के पांच लाख रुपए से सीएचसी मेजा में लगाया जायेगा हेल्थ एटीएम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों को अपने निवेशकों/उद्यमियों की समस्याओं को चिन्हित कर त्वरित रूप से उनका निराकरण/समाधान कराने का प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण, श्रम, विद्युत सुरक्षा, अग्निशमन, भूगर्भ जल, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जीएसटी और फर्म सोसायटी आदि विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित अनापत्ति/ लाइसेंस/ सहमति को समय पर देने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अनापत्ति/ लाइसेंस/ सहमति के प्राप्ति हेतु उद्यमियों और निवेशकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। अनापत्ति निर्गत करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बिना किसी कारण के पत्रावली के लम्बित होने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने 24 विभागों से सम्बंधित 313 एम0ओ0यू0 की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बैठक में सम्बंधित अधिकारियों के साथ निवेश हेतु भूमि की उपलब्धता, भू-उपयोग परिवर्तन, मानचित्र अनुमोदन, विद्युत कनेक्शन, सुरक्षा व्यवस्था, वित्तीय सहायता आदि विषयों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग से 31 अगस्त, 2023 तक कितनी ईकाईयां ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु तैयार हो जायेगी, की एक सूची तैयार कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ पाण्डु द्वारा जिलाधिकारी को सीएचसी मेजा में मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड के सहयोग से हेल्थ एटीएम लगाये जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पांच लाख रू0 धनराशि का डेमो चेक भी दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग लालजीत सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### असमाजिक तत्वों ने अम्बेडकर की प्रतिमा को किया अपमानित लोगों में आक्रोश, एफआईआर दर्ज, पुलिस जांच में जुटी



**प्रयागराज।** डॉ बी आर अम्बेडकर जन कल्याण समिति बमरौली के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने थानां पूरामुपती को एक प्रार्थना-पत्र देंकर आरोप लगाया है कि थाना पूरामुफ्ती की ग्रामसभा बाकराबाद बमरौली में स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा को अपमानित क्षतिग्रस्त कर दलितो की भावनाओं को आहत करने वाले लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उक्त घटना से बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के अनुयायियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समिति के अध्यक्ष ने नामजद करते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ थाना पुरामुफ्ती में प्रार्थना-पत्र देकर कार्यवाही की त्वरित मांग की है। अम्बेडकर समिति के अध्यक्ष के शिकायती पत्र के आधार पर थाना पूरामुपती पुलिस ने अलग अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, मौत



**मेजा रोड।** माण्डा थाना दिघिया पुलिस चौकी अन्तर्गत बभनी में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा हुई मौत जानकारी अनुसार श्यामा देवी पत्नी स्व० सरजू प्रसाद उम्र 49 वर्ष निवासी बभनी हैठार, की अनियंत्रित टैक्टर की चपेट में आने से हुई मौत जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई भीड़ इकट्ठा हो गई। और परिवार जन का रो रो कर बुरा हाल है । सूचना पर दिघिया पुलिस चौकी इंचार्ज आशीष सिंह तत्काल मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अनियंत्रित ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटे।

### बीएमजी डिग्री कालेज बघेड़ा में पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न



**करछना** के बीएमजी डिग्री कालेज बघेडा. में चल रहे पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। जिसमें डीएलएड प्रशिक्षुओं को मनोज विश्वकर्मा बृजेंद्र कुमार एवं सुधा शुक्ला प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षित किया गया। और उन्होंने आपदा प्रबंधन प्राथमिक सहायता अस्थाई शिविर का निर्माण करना खुले में भोजन बनाना आदि प्रकार के सहित संस्था की ओर से कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बीएमजी डिग्री कालेज बघेडा. के प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश शुक्ल ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के परिवेश में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण हर एक नागरिक के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने सभी प्रशिक्षण दाताओ समेत सभी प्रशिक्षुओ का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार पाठक डॉ श्वेता शुक्ला सविता शुक्ला वंदना बाजपेई विजय कुमार मिश्रा डॉ सच्चा प्रसाद मिश्र धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रहे।

### भाजपा नेत्री के खाते से निकाले 11 हजार, युवकों ने एटीएम कार्ड बदलकर की वारदात, रुपये निकालने पहुंची थीं पीड़िता



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र में भाजपा नेत्री का एटीएम कार्ड बदलकर उचक्कों ने उनके खाते से रुपये निकाल लिए और फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र में उचक्कों के हौसले बुलंद हैं, लेकिन पुलिस उन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह बाजार (उपाध्याय का पूरा) निवासिनी वंदना द्विवेदी भाजपा की यमुनापार महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष हैं। वह मेजा रोड स्थित आईसीआईसीआई के एटीएम बूथ से रुपये निकालने पहुंची थी। इस दौरान बूथ में मौजूद दो युवक उनसे वार्ता करने लगे। इसी दौरान उचक्कों ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और उनके खाते से 11 हजार रुपए निकाल लिये। पीड़िता ने बताया कि रुपये निकासी का मोबाइल पर मैसेज देख उनके होश उड़ गए। बैंक जाकर तत्काल एटीएम कार्ड को ब्लॉक करा दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर मेजा प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बूथ में लगे सीसीटीवी फुटेज से उचक्कों की पहचान कराकर जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री का सपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत



**सहसों।** भोपतपुर टोल प्लाजा पर गुरुवार को सायंकाल समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव का एक कार्यक्रम में जाते समय रोककर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। बतादें कि क्षेत्र के सम्राट अशोक विद्यालय पन्ने उर्फ पारनडीह में एक कार्यक्रम में जाते समय सपा के वरिष्ठ नेता धनपत राम विद्रोही के नेतृत्व में सैकड़ों सपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने सभी का हाल चाल से अवगत होते हुए पार्टी कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश चंद्र मौर्य, भारत लाल मौर्या, विजय लाल मौर्य, पूर्व प्रधान राकेश कुमार मौर्य,रमाकांत मौर्य, विजय कुमार मौर्य, रविंद्र मौर्य, सुरेश कुशवाहा, पंकज मौर्य, नवीन कुमार मौर्य सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध क्लीनिक पर छापेमारी, भागे संचालक

## प्रयागराज के गोबर गली में बिना पंजीकरण के झोलाछाप कर रहे हड्डी का इलाज




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को शहर के गोबर गली (सीएवी इंटर कॉलेज) में अवैध रूप से संचालित वर्षों पुरानी क्लीनिक पर छापेमारी की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पंजीकरण) डॉ. तीरथ लाल की नेतृत्व में पहुंची टीम को देखकर एक अवैध क्लीनिक संचालक झोलाछाप डॉ. शैलेश क्लीनिक बंद करके भाग गए। दो अन्य झोलाछाप विशाल आनंद एवं अजीत सिंह के यहां छापेमारी हुई। पता चला कि यहां इन लोगों के पास कोई डिग्री नहीं है लेकिन यह लंबे समय से हड्?डी के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय द्वारा यहां पहली बार इस तरह की कार्रवाई की गई है।उक्त सभी संचालकों को नोटिस दी गई जिसमें 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। इसके बाद क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई करते हुए अगली कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में डिप्टी सीएमओ डॉ. नवीन गिरि, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

**वर्षो से चल रहा है यह अवैध क्लीनिक :**

दरअसल, गोबर गली वर्षों से यहां अवैध क्लीनिक संचालित हो रही है। बाहर बोर्ड पर लिखा गया है कि यहां देशी तरीके से टूटी व खिसकी हड्?डी बैठाने का पुराना विश्वसनीय स्थान है। बिना किसी स्पेशलिस्ट के यहां हड्?डी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां कई साल पहले अजय यादव व जगन्नाथ यादव भी यही काम करते थे। टूटी हड्डियों को बैठाने का काम किया जाता रहा। अब उन्हें के सभी प्रपौत्र अलग अलग नाम से अपनी अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे हैं।





# चालक का हाथ-पैर तोड़कर ट्रैक पर फेंका

## होश में आने पर पत्नी सास व ससुर पर पीटने का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे ट्रैक पर एक चालक घायल पड़ा मिला। उसकी मैजिक कुछ दूर पर खड़ी हुई थी। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत गंभीर बताते हुए एसआरएन हास्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं मैजिक चालक ने होश में आने के बाद पुलिस को बयान दिया की उसकी पत्नी और सास ससुर ने मिलकर उसे पीटा। उसके एक हाथ और पैर तोड़ दिए। इसके बाद उसे रेलवे लाइन पर फेंक दिया।यमुनानगर के घूरपुर थाना क्षेत्र के सारंगापुर एनटीपीसी के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार रात एक व्यक्ति अचेतावस्था में पड़ा मिला था। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। गुरुवार को उसको होश आया तो उसने अपना नाम अशोक कुमार यादव (40) पुत्र स्वर्गीय मुन्नूलाल यादव बताया। बताया कि उसकी शादी घूरपुर थाना क्षेत्र के सारंगापुर में हुई है। अशोक यादव बुधवार को अपनी मैजिक लेकर अपनी ससुराल आया था। परिजनों का कहना है कि अशोक बहुत शराब पीता है। वह आए दिन घर में विवाद करता है। उसकी तीन बेटियां हैं। थानाध्यक्ष घूरपुर का कहना है कि घायल व्यक्ति ने अपनी पत्नी, सास और ससुर के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। जांच की जा रही है, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उमेश पाल हत्याकांड में नया सीसीटीवी आया सामने

# अंतिम वक्त में शूटर गुलाम मोहम्मद से हाथापाई करते दिखे उमेश

## गुड्डू मुस्लिम ने बम मारकर की गनर संदीप निषाद की हत्या




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेमसराय मोहल्ले में 24 फरवरी को हुई उमेश पाल की हत्या का एक नया सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें उमेश पाल 2 फीट की अपने घर की गली में भागते हुए दिख रहे हैं। उनके पीछे से आया अतीक का शूटर गुलाम मोहम्मद उनके साथ हाथापाई भी करता है। उमेश पाल उसको धक्का देकर भागते हैं। तभी पीछे से अतीक अहमद का बेटा असद आता है और उमेश पाल की पीठ पर दो गोली मारता है। उसके बावजूद उमेश पाल भागते हुए अपने भाई के कमरे में घुस जाते हैं। इसी बीच संदीप निषाद गली में भागते हुए दिखता है। तभी पीछे से झोले में बम लेकर खड़ा गुड्डू मुस्लिम भाग रहे गनर संदीप निषाद पर निशाना साध कर बम फेकता है और उसके बाद फिर धुआं ही धुंआ दिखता है। जनपद ही नहीं प्रदेश स्तर पर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाली घटना में पुलिस अब तक असद के ड्राइवर अरबाज और कथित शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान को एनकाउंटर में ढेर कर चुकी है लेकिन 25 हजार की इनामियां शाइस्ता परवीन, पांच पांच लाख के इनामिया असद अतीक, गुलाम मोहम्मद, अरमान, साबिर और गुड्डू मुस्लिम के बारे में पुलिस अभी बैकफुट पर है। बृहस्पतिवार को जो नया सीसीटीवी सामने आया है। उसमें यह तो साफ तौर पर देखा जा सकता है कि शूटरो ने घटना से पहले पूरी गली के बारे में गहन अध्ययन किया था। तभी इतना बेखौफ अंदाज में गली के अंदर घुस कर गोली और बम चलाए और उसके बाद आराम से सभी शूटर वहां से चले गए।



### माफिया अतीक गैंग से जुड़ा 50 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद गैंग के सहयोगी और उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटर अरबाज के फूफा वहीद अहमद को बांदा में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बाएं पैर में गोली लगने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीद पर 50 हजार का इनाम था। व्यापारी से एक लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहा था। बांदा के एसपी अभिनंदन ने बताया कि मर्दननाका निवासी वहीद अहमद (45) पर कई मामले दर्ज हैं।6 मार्च को व्यापारी व कालवनगंज निवासी श्याम गुप्ता ने उसके खिलाफ एक लाख रुपये रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार शाम करीब चार बजे सूचना मिली थी कि वहीद अहमद मध्य प्रदेश की सीमा में घुसने की फिराक में है। मटौंध थानाक्षेत्र के त्रिवेणी गांव में बाईपास के पास एसओजी और थाना पुलिस ने उसे लिया। वाहिद ने फायरिंग की तो जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उससे तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।एसपी के मुताबिक, वहीद प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में शामिल रहे शूटर अरबाज का फूफा है। वह अतीक गैंग का सहयोगी रहा है। कुछ साल पूर्व बांदा जेल में बंद रहे गुड्डू मुस्लिम का भी सहयोग करता था। उसे सुविधाएं मुहैया कराता था। अरबाज को पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। एसपी अभिनंदन का कहना है कि माफिया अतीक अहमद गैंग के सहयोगियों की तलाश में एसओजी समेत पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

## अतीक के नाबालिग बेटों के मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की ओर से उमेश पाल हत्या के बाद अपने दोनों नाबालिग पुत्रों को हाजिर करने के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ कर रही थी।सुनवाई के दौरान कोर्ट में शाइस्ता के अधिवक्ता दया शंकर मिश्रा ने कहा कि पुलिस दोनों नाबालिग बेटों को उठा ले गई। यह नहीं बता रही है कि दोनों का कहा ले गई है। बाल संरक्षण गृह से भी जानकारी नहीं दी जा रही है। जबकि, सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि दोनों नाबालिग को बाल संरक्षण गृह में दाखिल कराया गया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है।

### वित्तविहीन गुट का मूल्यांकन बहिष्कार -18 मार्च से

**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) की प्रदेश कार्यसमिति द्वारा माननीय लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में 18 मार्च 2023 से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। प्रदेश व्यापी निर्णय के क्रम में जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू के नेतृत्व में अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने सरकार को आगाह किया कि मांगे नहीं मानी गई तो संघ बोर्ड परीक्षा 2023 की कॉपियों के मूल्यांकन बहिष्कार करेगा।उक्त आशय की सूचना जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने दी है।प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू मंडल अध्यक्ष अभय राज सिंह फूलचंद कनौजिया गोविंद प्रसाद भूर्तियां सीता शरण जेपी यादव उदय राज यादव सीएल यादव रामहित शिवमूरत पटेल इंद्र बहादुर कुशवाहा अवधेश श्रीवास्तव बुधिराम यादव अमर बहादुर रामहित सीएल यादव सी पी मिश्रा कमल चंद प्रेमचंद यादव सीबी यादव भुवाई लाल कविता यादव शैलेंद्र कुमारी मौर्या नवीन शुक्ला रविकरन सिंह रमेश पाल अखिलेश यादव शिव मोहन सिंह पटेल उपस्थित रहे।



### निदेशक पद का पर्चा खारिज की शिकायत पर एसडीएम ने खंगाला फुटेज, डीएम को रिपोर्ट सौंपी

**करछना।** विकास खंड में मंगलवार को साधन सहकारी समितियों के निदेशक पद पर हुए नामांकन में भारी अनियमितता की शिकायत पर जांच करने पहुँचे एसडीएम,सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ दस्तावेजों की जांच की,रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपा साधन सहकारी समितियों का चुनाव अपने चरम पर है।जिसके लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को व जांच प्रकिया और लिस्ट चस्पा करने का समय बुधवार को दिया गया था।जिसमे करछना में स्थित किसान सेवा साधन सहकारी समिति में करछना के डायरेक्टर पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया गया था।जिसमे एक पर्चा खारिज करने पर उम्मीदवार मुदित प्रताप सिंह ने दर्जनों से अधिक अधिवक्ताओं के साथ उपजिलाधिकारी करछना गणेश कुमार कन्नौजिया व खण्ड विकाश अधिकारी देव कुमार से शिकायत कर एआरओ रामरूप सिंह पर पर्चा बदलने समेत चुनाव प्रक्रिया में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।जिस पर उपजिलाधिकारी करछना गुरुवार को ब्लाक परिसर में पहुँचकर कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा खंगाला जिसमे काफी हद तक चुनाव में बनाये गये एआरओ के न दिखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रामरूप द्वारा बनाये गए दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपने की बात कह चले गये।जानकारी के अनुसार करछना से मुदित प्रताप सिंह व ओम प्रकाश पटेल ने नामांकन दाखिल किया गया था।जिसमे सभी को जिलाधिकारी के आदेश का इंतजार है।

# उ प्र बिजली कर्मचारियों के जारी हड़ताल का आईआरईएफ ने समर्थन किया

**प्रयागराज।** जार्ज टाउन में उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में दो दिन से जारी कार्य बहिष्कार और आज से शुरू हो रही है राज्य स्तरीय हड़ताल का समर्थन करने के लिए इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमल उसरी पहुँचे, बिजली कर्मचारियों द्वारा आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ कमल उसरी ने कहा कि योगी मोदी सरकार बिजली, रेलवे, सेल, भेल, कोल, ऑर्डिनेंस कारखाने सहित सब कुछ बेचने पर उतारू हो गई है। बिजली कर्मचारियों के कई दिनों चले जुझारू आंदोलन के बाद 3 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार से14 सूत्रीय समझौता था, जिसे अब बेशर्मी करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार लागू करने से इंकार कर रही है, जिससे मजबूर होकर बिजली कर्मचारी एवं बिजली संविदा कर्मचारी देश हित और जनता के हित में शांति पूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से हड़ताल करने को विवश हो गए है, यदि उत्तर प्रदेश सरकार बिजली विभाग को निजीकरण करने में कामयाब हो जायेगी, तो आम आदमी को बिजली महंगी दर मिलने लगेगी, इसलिए आम अवाम छात्र नौजवान किसान मजदूर को भी बिजली कर्मचारियों के समर्थन में आगे आना चाहिए, उत्तर प्रदेश सरकार भी जिद करने के बजाय 3 दिसम्बर 2022 के बिजली कर्मचारियों के साथ हुए समझौते में समान काम, समान वेतन सहित सभी 14 सूत्रीय मांगों को लागू करना चाहिए,डॉ कमल ने कहा हम इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन की तरफ से हड़ताली बिजली कर्मचारियों का समर्थन करते है, जरूरत पड़ने पर पुनः बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी जैसे महाराष्ट्र में डढर के लिए जारी आम हड़ताल में शामिल हो रहे है, ठीक उसी तरह उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारियों के साथ भी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। बिजलीकर्मियों की हड़ताल के ऐलान पर सरकार सख़्त। बिजलीकर्मियों की हड़ताल के ऐलान पर ऊजार्मंत्री का बयान। बिजलीकर्मियों की हड़ताल के ऐलान पर सरकार ने लगाया एस्मा। एस्मा लागू होने के बाद हड़ताल करने पर 1 वर्ष की सजा का है प्रावधान।हड़ताल पर जाने वाले संविदाकर्मी होंगे बर्खास्त। बिजलीकर्मियों को काम से रोकने और बिजली आपूर्ति बाधित करने पर ठरअ के तहत होगी कार्रवाई। सभी जिलों के कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर, उ्ट, रढ को दिए गए निर्देश। कानून को हाथ मे लेने वाले बिजलीकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिये गए निर्देश बिजलीकर्मियों ने आज रात 10 बजे से अगले 72 घंटे तक हड़ताल पर जाने का किया है ऐलान।

# हवेलिया, हनुमानगंज की बिजली गुल पानी के लिए तरसे लोग

### जिला प्रशासन की तैयारी की पहले ही दिन निकली हवा

**झूंसी।** बिजली कर्मियों की हड़ताल को लेकर जिला प्रशासन का दावा पहले ही दिन हवा हवाई साबित हुआ लोकल फाल्ट की वजह से हवेलिया व हनुमानगंज की सुबह से बिजली गुल है। जिसकी वजह से लोगो के नलो में पानी भी नही आया। शाम तक फाल्ट को ठीक नहीं किया जा सकता था। गुरुवार की सुबह अचानक झूंसी के हवेलिया व हनुमानगंज बाजार की बिजली गुल हो गई। घंटों इंतजार के बाद जब बिजली नहीं आई तो लोगों ने पता किया तो लोकल फाल्ट की जनकारी मिली। बिजली कर्मियों की हड़ताल की वजह से कोई भी फाल्ट ठीक करने नहीं आया। हवेलिया निवासी अधिवक्ता नितेश कुमार ने बताया कि बिजली गुल होने की वजह से घर में पानी भी नहीं आया शाम तक किसी तरीके से काम चल गया लेकिन सुबह बिजली नहीं आई तो पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। वही हनुमानगंज के व्यापारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि तार टूटने की वजह से हनुमानगंज की बिजली गुल है मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की गई पर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 4135569 का अंकपत्र प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है जिस सज्जन को मिले नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**खुशनूर बानो पुत्री अब्दुल रहमान निवासी 9/ 332 आईटीआई कॉलेज गोरा बाजार रायबरेली।**

## अपात्र लाभार्थी की सूची चस्पा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी सबके लिये आवास के अन्तर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत नगर पंचायत कोहड़ौर, मानिकपुर, पृथ्वीगंज, ढकवा, रानीगंज, प्रतापगढ़ सिटी, सुवंशा की स्वीकृत डी0पी0आर0 में जो लाभार्थी अपात्र पाये गये है उन लाभार्थियों की सूची नगर पंचायत कार्यालयों के नोटिश बोर्ड पर चस्पा/उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आपत्ति प्राप्त नही की जायेगी। अगरी किसी भी लाभार्थी को अपात्रता में कोई आपत्ति है तो अपना प्रतिवेदन सम्बन्धित नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के पास जमा कर सकता है।

# अपर जिला जज ने शिशु एवं बालगृह तथा जिला कारागार का किया निरीक्षण, दी गई विधिक जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने शुकुलपुर स्थित बाबा रामउदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु एवं बालगृह का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने शिशु गृह में रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह के बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उनके द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में वर्तमान समय में कुल 12 बच्चे है जिसमें 08 लड़की व 04 लड़के है जिनमें 01 बच्चा अंकित मंद बुद्धि के है और मानसिक एवं शारीरिक रूप से विकलांग बताया गया। अंकित की उम्र 8 वर्ष बतायी गयी। शिशु गृह में सबसे छोटा बच्चा 02 माह की लड़की है इसी प्रकार एक लड़का 03 माह व 02 बच्चे 06-06 माह के जिसमें एक लड़का एवं एक लड़की है। बताया गया कि बाल कल्याण समिति मउ एवं महिला कल्याण निदेशालय के आदेशानुसार 09 बच्चे मउ जनपद से प्रतापगढ़ बालगृह शिशु भेजे गये है। निरीक्षण के समय कार्यालय में कुल 08 कर्मचारी उपस्थित रहे। शिशु एवं बालगृह के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में कुल 15 कर्मचारियों का स्टाफ है, आज अधीक्षिका सहित अन्य कर्मचारी अवकाश पर है जो क्रमशः दिन में तीन पालियों में ड्यूटी देते है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीओ सिटी सुबोध गौतम, पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र उपस्थित रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण करते अपर जिला जज।

इसके अतिरिक्त जिला कारागार का अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने निरीक्षण किया एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया। सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक, पाकशाला, जेल अस्पताल, लीगल एण्ड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ-सफाई, महिला बन्दियों की तलाशी रूम का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक बैरिक में मनोरंजन के लिये टी0वी0 लगी है जो चालू हालत में बतायी गयी। इस अवसर पर जेलर राजेश कुमार पाण्डेय, उप जेलर आफताब अहमद अंसारी व सुनील कुमार द्विवेदी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल महावीर यादव, असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल नीरज यादव व ताजीन फातिमा आदि उपस्थित रहे।

## 25 मार्च तक जमा करें आवेदन पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम् 25 मार्च 2023 तक जमा कर सकते है। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (दिनांक 01.04.2023) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशतत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय की सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 28 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में होगा।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा संसद का आयोजन

### सांसद संगम लाल गुप्ता 17 मार्च को करेंगे शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निदेर्शानुसार नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा 17 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ में प्रातः 10 बजे जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया है। युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता करेंगे।

यह जानकारी नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने आज अपने कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि इस युवा संसद में 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभा करेंगे। उन्होंने युवाओं का आवाहन किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर युवा संसद के आयोजन को फल बनाएं वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमर वैश्य ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर.वी सिंह नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जिला प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह मनोज सिंह श्याम नारायण पटेल आदि लोग उपस्थित थे तथा अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।


जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

# रिश्वत लेते नजारत विभाग कर्मी का वीडियो हुआ वायरल

### भ्रष्टाचार की लपेट की आंच में लालगंज तहसील तक, इससे पूर्व भी कई पर लग चुके है आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन के लाख प्रयास के बाद भी भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तामीला कराने गए नजारत विभाग के कर्मी का लोगो ने रिश्वत लेते वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसकी चर्चा क्षेत्र मे जोरो पर है।

लालगंज तहसील के नजारत विभाग का एक कर्मचारी क्षेत्र के एक गांव में तामीला कराने गया हुआ था।कर्मी ने उसके एवज में छः सौ रुपया रिश्वत की मांग की।वहां मौजूद लोगो ने रुपया देते समय का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।लोगो ने आरोप लगाया है कि उक्त कर्मी ने तामीला के नाम पर छः सौ रुपये की मांग की। रिश्वत देते समय लोगो ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। उक्त वीडियो शमशेरगंज में तामीला कराते समय का बताया जा रहा है, जो कई दिन पुराना है। वीडियो में रिश्वत लेने वाले व्यक्ति की पहचान लोग नजारत विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मी राम समुझ वर्मा के रूप बता रहे है। फिलहाल मामला कुछ भी हो यह तो जांच के बाद ही पता लग सकता है। लेकिन यह बात जरूर है की स्थानीय तहसील में भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही नही ले रहा है। पिछले 21 जून को


घूस लेने की यही फोटो हो रही वायरल।

मांगापुर के लेखापाल संजय को पट्टा के नाम पर पांच हजार रिश्वत लेते समय तहसील के बाहर एंटी करप्शन के अधिकारियो ने पकड़ा था। यही नहीं तहसील के एक अधिवक्ता से अभी हाल ही में वरासत के नाम लेखापाल द्वारा रिश्वत की मांग की गई। जिसे अधिवक्ता ने इस बात को सोशल मीडिया पर एक लेख लिखकर वायरल किया था। फिलहाल यह सब मामला कहां तक सही है यह तो जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी, लेकिन इन सब आरोपों को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चचाएँ हो रही है। इस संबंध में तहसीलदार का कहना है कि मुझे इस तरह की जानकारी अभी नहीं है इसको देखते है।

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शुरू हुई पर्चे की खरीद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर गुरूवार को प्रत्याशियों द्वारा चुनाव कार्यालय मे नामांकन पत्रों की खरीद को लेकर खासी चहलकदमी देखी गयी। वहीं अटठाईस मार्च को होने वाले चुनाव में इस वर्ष पांच सौ तीन अधिवक्ता अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर मतदान कर सकेंगे। दीवानी एवं तहसील के अधिवक्ताओं के संघ के चुनाव को लेकर आज शुक्रवार से नामांकन पत्र प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये जाएंगे। चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि गुरूवार को अध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवारों निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व उपाध्यक्ष रहे दिनेश सिंह तथा उपाध्यक्ष पद पर लाल विनोद प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र खरीदे। नाम निर्देशन प्रक्रिया के साथ भी उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र हासिल किया जा सकेगा। इधर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद गुरूवार को चुनाव समिति के कार्यालय के सामने दिन भर अधिवक्ताओं की भीड जमा दिखी। कार्यालय पर चुनाव प्रक्रिया की देखरेख मे समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह के साथ लाल राजेन्द्र सिंह, केबी सिंह, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुडडू, विकास मिश्र, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, बेनीलाल शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय भी मुस्तैद दिखे। संघ के चुनाव मे सिविल न्यायालय से उपाध्यक्ष पद पर एक पद आरक्षित भी किया गया है।

### विपक्ष के उपनेता बनने पर प्रमोद तिवारी का लालगंज में होगा स्वागत

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता बनने के बाद प्रमोद तिवारी अठारह मार्च को रामपुर खास आयेगे। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के साथ सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज में दिन मे एक बजे कार्यकताओं द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

विपक्ष के उपनेता बनने के बाद यहां पहली बार पहुंच रहे प्रमोद तिवारी के स्वागत को लेकर कार्यकताओं को गुरूवार से ही तैयारियों मे मशक्कत करते देखा गया। कार्यकर्ता लालगंज इंदिरा गांधी चैक की साजसज्जा के साथ प्रमोद तिवारी के स्वागत को लेकर उत्साहजनक तैयारी में जुट गये है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद के स्वागत को भव्य बनाने को लेकर गुरूवार को यहां कैम्प कार्यालय पर तैयारी बैठक में कार्यकर्ता रणनीतिक चर्चा मे भी मशगूल देखे गये। कार्यकताओं में प्रमोद तिवारी के राज्यसभा में उपनेता के अलावा संसद की वित्त तथा गृह एवं जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों मे भी सदस्य बनाये जाने को लेकर उत्साह और ज्यादा छलकता देखा जा रहा है। बैठक मे शामिल विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, जिपंस रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, अरविंद सिंह, द्दगपाल यादव, रामकृपाल पासी, छोटे लाल सरोज, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, पूर्व प्रमुख ददन सिंह आदि ने बैठक में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के भव्य स्वागत को लेकर अपने सुझाव सौपे। वहीं चैक पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा की साजसज्जा के साथ पार्क के रंगरोगन व नगर मे विभिन्न स्थानों पर प्रमोद तिवारी के स्वागत को लेकर भी तैयारियां जोर पकडती दिखी।

## तमंचे व लूट की बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपी, पुलिस ने भेजा न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक चोरी को लेकर दो आरोपियो को लालगंज पुलिस ने तमंचे समेत हिरासत मे लेने में सफलता ली है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल गुरूवार की सुबह जिले की अगई सीमा पर गश्त कर रहे थे। कोतवाल कमलेश के साथ रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज भी मौजूद थे। इस बीच दो युवक पुलिस को देख बाइक से भागने लगे। पुलिस ने युवकों को दौडाकर दबोचा और तलाशी ली तो उनके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद देख आवाक रह गयी। पुलिस ने आरोपियो से बाइक के कागजात मांगे तो आरोपी गुमराह करने लगे। पुलिसिया तेवर सख्त होने पर आरोपियो ने यह कबूल लिया कि बाइक को सांगीपुर से लूटी गयी थी। आरोपियो के मुताबिक उनके पास से बरामद बाइक आठ माह पहले एक युवक से तमंचे के बल पर लूटी गयी थी। आरोपियो की पहचान उदयपुर थाना क्षेत्र के अहिरन का पुरवा उछापुर निवासी करन सरोज तथा लालगंज के अगई खास निवासी सचिन सरोज के रूप मे हुई। पुलिस ने आरोपियो का अगल बगल आपराधिक इतिहास खंगाला तो करन सरोज के ऊपर जिले के कन्धई व अंतू थाने मे भी आपराधिक मामले दर्ज पाये गये। चैकी प्रभारी निकेत भारद्वाज की तहरीर पर दोनों आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

# वर्षा के पूर्व शहर के सभी नाले-नालियों की साफ-सफाई करने की बनी कार्ययोजना

### शहर के नाले-नालियों की व्यापक स्तर पर हो रही सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने वर्षा से पूर्व शहर के सभी नाला-नालियों की सफाई करने की कार्य योजना के तहत आज गुरुवार को शहर के सिनेमा रोड पर नाला क्लीनिंग मशीन लगाकर, भंगवा चुंगी से लेकर एमडीपीजी कालेज के आगे तक जेसीबी व ट्रैक्टर लगाकर, धर्मषाला वार्ड में रेल लाइन के किनारे नाले की सफाई गैंग लगाकर तथा चिलबिला पूर्वी में 25 सफाई कर्मी लगाकर सफाई की गई।


जेसीबी से कूड़ा उठाते नगर पालिका कर्मचारी।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देषन में कार्ययोजना के अनुरुप नाले-नालियों की सफाई की जा रही है। शहर के सिनेमा रोड पर एक तरफ नाले की सफाई हो चुकी है। अब दूसरी तरफ की सफाई नाला क्लीनिंग मशीन लगाकर की जा रही है। धर्मषाला वार्ड में जोलहटिया मोहल्ले के पास नाला क्लीनिंग मशीन नहीं जा पाई तो वहां एक दर्जन सफाई कर्मी सफाई करने के लिये लगाये गये। इसी प्रकार चिलबिला पूर्वी में 25 सफाई कर्मी लगाकर नाले की सफाई कराई जा रही है। भंगवा चुंगी से लेकर एमडीपीजी के आगे तक जेसीबी, ट्रैक्टर व डम्पर लगाकर सफाई कराई गई। नगर पालिका का प्रयास है कि वर्षा से पहले शहर के सभी छोटे व बडे. नाले नालियों की सफाई की जाए जिससे वर्षा के पानी के बहने में कहीं रुकावट न हो।

# मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ने दिनेश सिंह के निधन पर जताया शोक

### शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) भारत की जिला इकाई की ओर से एक शोक सभा जिला पंचायत सभागार में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शुक्ल (अधिवक्ता हाईकोर्ट) की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयोजक अधिवक्ता प्रकोष्ठ राजेश कुमार पाण्डेय जी व विशिष्ट अतिथि धनंजय पांडेय एडवोकेट रहे।

अध्यक्षता कर रहे कुलभूषण शुक्ल ने कहा कि दिनेश सिंह लेखनी के धनी होने के साथ ही वे सदैव पत्रकारों के हित में संघर्षरत रहे। दिनेश के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत की अपूर्णनीय क्षति हुई है। श्री शुक्ल ने आगे कहा कि हम सभी पत्रकारों का कर्तव्य बनता है कि दिनेश के परिवारीजनों को उनकी कमी महसूस न हो। श्री शुक्ल ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि दिनेश जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दे व परिवारीजनों को यह दुख सहने की शक्ति दे। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्य अतिथि राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि एक पत्रकार जीवन पर्यन्त सामाजिक न्याय के लिए लड़ता है और दबे कुचले, वंचितों की आवाज बनता है। दिनेश सिंह जी न्यायिक पत्रकारिता के सदैव पक्षधर रहे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री धनंजय पांडेय ने वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दिनेश सिंह के निधन से जिले के पत्रकार जगत ने एक कर्मठशील, बेबाक व ईमानदार पत्रकार को खो दिया है जिसकी भरपाई हो पाना मुश्किल है। भगवान दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कवि व पत्रकार शीतला सुजान ने कहा कि पत्रकारिता जगत के पुरोधा रहे दिनेश सिंह को भुला पाना मुश्किल है। वे कलम के साथ कभी भी अन्याय नही करते थे। प्रयागराज मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र ने दिनेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक ईमानदार पत्रकार होने के साथ ही नेकदिल इंसान बताया और कहा कि दिनेश जी के असामयिक निधन से शून्यता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शोकसभा में जिलाध्यक्ष प्रेम वर्मा, जिला महामंत्री संगठन दिनेश सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री हरिकेश चैरसिया, मंडल सहमंत्री प्रवीण मिश्रा, कुंदन पटेल, चंद्रकांत यादव एडवोकेट, राजेन्द्र वर्मा, नितिन साहू, अजय पांडेय, संजय सिंह, विनय राय, वंशराज यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।


दिनेश सिंह के निधन पर शोक जताते मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## वरिष्ठ पत्रकार दिनेश के निधन पर साथियों ने जताया शोक, प्रमोद व मोना हुए दुःखी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह के आकस्मिक निधन पर गुरूवार को यहां स्थानीय पत्रकारों ने बैठक कर शोक जताया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने दिवंगत दिनेश सिंह के निधन पर दुःख जताते हुए पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र में बड़ी रिक्तता कहा है। वहीं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सरकार से पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए दिवंगत पत्रकार दिनेश सिंह के निराश्रित परिवार को समुचित शासकीय सहायता राशि अवमुक्त किये जाने की भी मांग उठाई। बैठक का संचालन तहसील इकाई के महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह, विकास मिश्र, डा. आशीष सिंह, सुरेश मिश्र मदन, सुरेन्द्र तिवारी सागर, बाबा नरेन्द्र ओझा, मनोज सिंह, अखिलेश मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, रामू मिश्र, राजकुमार मिश्र, शिवकरन चतुवेर्दी, आनंद त्रिपाठी, मुकेश सिंह, सुनील वैश्य, लवलेश शुक्ला, प्रेम मिश्र, मुकेश तिवारी, राहुल मिश्र, संजीव तिवारी, रामू मिश्र, अनूप त्रिपाठी, राजेन्द्र मिश्र, संतोष तिवारी, राजीव तिवारी, उमेश तिवारी, राकेश तिवारी, लवलेश शुक्ल, जगत वर्मा, अखिलेश मिश्र, सौरभ त्रिपाठी, धर्मेन्द्र मिश्र, सरवर आलम, शैलेन्द्र मिश्र, मुकेश सिंह, सुनील सिंह, प्रेम मिश्र, अशोकधर द्विवेदी, प्रमोद सिंह बाबा, आशुतोष मिश्र, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, आईपी मिश्र, राजकुमार मिश्र, सुशील सिंह बघेल, आशुतोष मिश्र, संजयमणि शुक्ल, प्रदीप मिश्र, रामेश्वर मिश्र, सुमित त्रिपाठी आदि ने साथी पत्रकार के असमय निधन पर दुःख जताया।

# भयहरण नाथ धाम में होली उत्सव व कवि सम्मेलन 19 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में गत वर्षो की भांति परम्परागत होली उत्सव का आयोजन 19 मार्च को होगा। फूलों की प्राकृतिक होली खेली जायेगी। साथ ही कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा। धाम के संस्थापक कोषाध्यक्ष गृहस्थ संत पंडित हरि प्रसाद शुक्ल की स्मृति मे श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन होगा।

भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से होली उत्सव मे आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता साहित्य भूषण व हरिबंश राय बच्चन सम्मान प्राप्त जन कवि जय प्रकाश शर्मा प्रकाश करेंगे। संचालन प्रख्यात लोक कवि अशोक बेशर्म करेंगे। आमन्त्रित कवियों में लोक प्रिय हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर, नजर इलाहाबादी, रेनू मिश्रा, संतोष शुक्ल समर्थ, जीतेन्द्र मिश्र जलज, महक जौनपुरी, उमेश श्रीवास्तव, वंदना शुक्ला, शिवम भगवती, आभा मिश्रा तथा गीतकार अजय प्रेमी आदि प्रतिभाग करके अपनी बेहतरीन रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। वहीं लोक गायिका मोहनी श्रीवास्तव के गीत होली को जीवंत करेंगे।

संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने बताया भयहरण नाथ धाम धाम के पुनर्जागरण मे नीव के पत्थर रहे संस्थापक कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय के संस्थापक प्रबंधक रहे। पंडित हरि प्रसाद शुक्ल की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा, जिसमें पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि दी जायेगी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा भी होगी। उन्होने कहा की उक्त आयोजन की सुव्यवस्था में अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष लालजी सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकांत पांडेय, सचिव कार्यक्रम आलोक बैरागी व उपसचिव कार्यक्रम राम कृष्ण अग्रहरी सहित स्वच्छता प्रभारी नीरज मिश्र व कार्यालय प्रभारी अंकित पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है।

## केसरवानी समाज का होली मिलन समारोह कल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश केसरवानी समाज के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि 18 मार्च दिन शनिवार को प्लाजा पैलेस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता होंगे। यह कार्यक्रम दिन में तीन बजे से शुरू होगा।

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 133 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 1000 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राम मगन पुत्र गंगा प्रसाद निवासी लोचना थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कट विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बुद्धीमान निषाद पुत्र स्व0 राम सिंह निवासी घोधपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

## सिराथू क्षेत्र में हुई घटना



महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 6 कृष्णा नगर में एक महिला की विद्युत करंट से मौत हो गयी। घटनाक्रम के मुताबिक वार्ड नं 6 कृष्ण नगर निवासी अमित कुमार सिराथू तहसील में संविदा कर्मचारी हैं रोज की तरह अमित कुमार समय से ड्यूटी चले गए घर पर उनकी पत्नी शीलू उम्र 23 वर्ष मासूम पुत्री अनिता को लेकर कमरे को बंद कर सोने चली गयीं आज गुरुवार दोपहर महिला कमरे में पंखा लगा रही थीं प्लक में विद्युत करेंट था जिसकी चपेट में आ गयी फरार्टा पंखा गिर गया जिसकी आवाज से बाहर बैठी महिलाओं ने शोर मचाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नही आई मुहल्ले के लोगों ने किसी तरह अंदर पहुंचे महिला करेंट से झुलसी पड़ी थी पति अमित कुमार को सूचित करते हुए आनन फानन सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गयी वहीं परिजनों ने बताया अमित कुमार की शादी 4 वर्ष पहले सिराथू कस्बे के जानकीपुर में हुई थी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज विधिक कार्वाई में जुट गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने खुद का रेता गला परिजनों ने गम्भीर हालत में कानपुर कराया भर्ती

### घायल अवस्था मे मुझे अम्मा के पास जाना है कहती रही

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा की एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपना गला रेत दिया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गम्भीर स्थिति में कानपुर अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार कृपेश पंडा नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 9 इंदिरा नगर में परिवार सहित रहते हैं आज गुरुवार सुबह कृपेश पंडा शौच के लिए घर से बाहर चले गए पत्नी और इकलौती पुत्री कृति उम्र लगभग 18 वर्ष जो लिटिल ब्लॉसम्स कान्वेंट स्कूल की 11 वी की छात्रा है अपने घर पर सो रही थी सुबह लगभग 7 बजे सुबह भ्रमण को गए लोगो ने देखा कि मंडी समिति गेट के पास एक छात्रा कृति के गले से बड़ी तीव्र गति से रक्त बह रहा है लोगों ने पिता कृपेश को सूचना देते हुए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया किंतु स्थिति गम्भीर देख डॉक्टर ने जवाब दे दिया परिजनों के अनुसार फतेहपुर सदर अस्पताल में गम्भीर घायल छात्रा को दिखाया किंतु सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट अस्पताल के लिए रिफर कर दिया परिजन छात्रा का उपचार करवा रहे हैं। नगर वासियों के अनुसार छात्रा अपना गला काटती तो घर मे भी काट सकती थी उसे राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी गेट के सामने खुद का गला रेतने की क्या आवश्यकता पड़ी ।परिजन के अनुसार बीते दिनों किसी बात पर उसके पिता जी ने डांट दिया था वहीं इलाज के लिए ले जाते समय छात्रा सिर्फ यही कह रही थी मुझे अम्मा के पास जाना है खैर कुछ भी हो छात्रा ने क्यों ऐसा किया ये पूर्ण होशो हवाश में आने पर ही पता चलेगा ।कृपेश पंडा की माँ राम रती पत्नी प्रेम चन्द्र पंडा का कुछ माह पहले देहांत हो गया था छात्रा कृति उसे अम्मा कहती थी।अवसाद के कारण छात्रा ने अपना गला ब्लेड से रेत लिया है।



## अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करें महिलाएं : अंजना मिश्रा

### महिला दिवस के अवसर पर महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान द्वारा चायल में होली मिलन समारोह का आयोजित

**कौशाम्बी।** महिला दिवस के अवसर पर महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के द्वारा चायल तहसील में होली मिलन समारोह के साथ-साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया इस गोष्ठी के मौके पर संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करें संस्थान हमेशा उनके साथ रहेगा महिला सशक्तिकरण पर विशेष तरीके से वक्ताओं ने चर्चा की कन्या भ्रूण हत्या रोकने महिलाओं को शिक्षित करने पर चर्चा हुई गोष्ठी के दौरान समाज में महिलाओं को जागरूक करने और उनकी स्थितियों के बारे में समीक्षा की गई है इस मौके पर अंजना मिश्रा ने कहा कि चाहे पारिवारिक शोषण हो चाहे सामाजिक शोषण हो किसी प्रकार के शोषण अत्याचार अन्याय के खिलाफ महिलाएं आवाज उठाने में तनिक भी अपने को कमजोर ना समझे संगठन हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा कार्यक्रम में महामंडलेश्वर कौशल्या नंदगिरी अनीता त्रिपाठी डॉक्टर सोनिया सिंह अल्पना द्विवेदी रघुनंदन सिंह पूर्व शासकीय अधिवक्ता संध्या मिश्रा, डॉक्टर नीतू कनौजिया निधि त्रिपाठी प्रीति सरोज हनी सिंह निशा रवाब रन्नो यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डायट में अभिनव पर्व हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक और छात्र

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में माध्यमिक एवम परिषदीय शिक्षको हेतु अभिनव पर्व शिक्षण पद्धति में परिमार्जन हेतु टी एल एम मेला एवम नवाचार महोत्सव का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवम प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में किया गया।महोत्सव का शुभारंभ डाक्टर राजेश कुमार आर्य उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट एवम मुख्य वक्ता डाक्टर अनिल शुक्ला सहायक प्राचार्य द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में टी एल एम का कक्षा में प्रयोग हेतु शिक्षकों एवम प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया नवीन शिक्षा पद्धति में किए गए नवाचारों को भी अपने प्रेरणादाई संस्मरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को अभिभूत किया गया मुख्य वक्ता डाक्टर अनिल कुमार शुक्ला सहायक आचार्य (राजकीय महामाया विद्यालय) ने नवाचार के शाब्दिक अर्थ और शिक्षण विधियों में कैसे प्रयोग किया जाए तथा प्राथमिक शिक्षा में उच्च शिक्षा में अद्यतन किए जा रहे प्रयोगों से अवगत कराया। डॉक्टर ए के श्रीवास्तव ने विद्यालयि शिक्षा के नूतन नवाचारों को प्राचीन शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया प्राचार्य द्वारा दीपनारायण मिश्र सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां को ृ३ एवम पाठ योजना निर्माण हेतु पुरस्कृत किया गया विभिन्न ब्लॉक के प्राथमिक एवम माध्यमिक शिक्षकों द्वारा नवाचारों एवम टी एल एम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सुरेश चंद्र ने किया कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता रिफत मालिक भारती त्रिपाठी,एवम विपुल शिवसागर के साथ डॉक्टर वंदना सिंह डॉक्टर संदीप तिवारी एवम डी एल एड प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगी आग नही हुआ कोई नुकसान

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत ग्रामीण भरवारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाते समय आग लग गयी ऐसे मौके पर अफरा-तफरी मच गई

मौजूद शिक्षकों ने सूझबूझ से सिलेंडर में लगी आग को बुझाया कोई नुकसान नहीं हो पाया। आज गुरुवार को स्कूल खुलने के बाद रसोई में खाना बनना था तभी रसोइया ने सिलेंडर लगाकर खाना बनाना शुरू हो किया था तभी अचानक सिलेंडर मे आग लग गई आग लगते ही विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और विद्यालय के शिक्षकों ने आगे बढ़कर आग बुझाने का प्रयास किया आग बुझने के बाद छात्रों शिक्षकों ने राहत की सांस ली मौजूद टीचरो ने आग बुझाने का काम किए जिससे कोई नुकसान नहीं हो पाया।

# आर्य समाज की शोभायात्रा में उमड़ा जन सैलाब राष्ट्र धर्म के प्रति लोगों को किया जागरूक



शोभायात्रा में शामिल आर्य समाजी



संरक्षक पंचम लाल से मुलाकात करते आर्य समाजी

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में गुरुवार आर्य समाज ने एक विशाल शोभायात्रा निकाली जो नगर पंचायत अझुवा के कार्यक्रम स्थल सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर भोला चौराहा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरी है राष्ट्रीय राजमार्ग में ॐ पताका फहराते हुए मंडी समिति गेट के पास बबलू अग्रहरी के यहाँ जलपान करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही रतन केसरवानी ने भी शोभायात्रा में लोगों को जलपान कराया है शोभायात्रा का काफिला धीरे धीरे सनई मंडी होते हुए मंडी ,आर्य समाज के संरक्षक पंचम लाल आर्य के यहां जलपान कर वापस सब्जी मंडी प्रांगड़ में सम्पन्न हुआ है। आर्य समाज के 97 वें वार्षिकोत्सव के दौरान नगर क्षेत्र में निकाली गयी शोभायात्रा के दौरान वैदिक ऋचाओं व भजनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा ।कुरीतियों को मिटाने व सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश विद्वानों ने दिया है।3 दिनों तक चलने वाले वार्षिकोत्सव में देश के विभिन्न प्रान्तों के आये विद्वान सत्संग व भजन करेंगे प्रधान कपूर चन्द्र केसरवानी ने बताया बहन प्रियंका आर्य भरत पुर राजस्थान ,आचार्य विष्णु मित्र बिजनौर ,सत्यमुनि मिजार्पुर, पंडित मोहित आर्य बिजनौर प्रमुख वक्ता होंगे 18 मार्च तक प्रतिदिन 3 सत्रो में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है इस विशाल शोभायात्रा में कपूर चन्द्र आर्य,रमेश चंद्र आर्य,रमेश चंद्र आर्य प्रधानचार्य,ओमप्रकाश कुशवाहा,अशोक आर्य, गुड्डू आर्य,संतोष आर्य लबेद आर्य ,सन्तलाल विश्व कर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य एवम हजारों आर्यसमाज के अनुयायी महिला पुरुष शोभायात्रा में मौजूद रहे।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को युवकों ने मारपीट कर कुएं में फेंका

**अखंड भारत संदेश**



### जानकारी मिलने के बाद कुएं से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई गांव का एक युवक अपने प्रेमिका से मिलने गया है युवक को कुछ लोगों ने मारपीट कर कुएं में फेंक दिया है दूसरे दिन जानकारी मिलने पर युवक को कुएं से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है गुरुवार की सुबह ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे तो रोने चीखने की आवाज सुनाई पड़ी ग्रामीणों ने सूखे कुएं में देखा जिसमें युवक को पड़ा हुआ था कुएं में युवक को देखकर हड़कंप मच गया,ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से युवक को कुएं से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहा उसका इलाज किया जा रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई गांव का बीर सिंह 15 मार्च को संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सकाढा गांव बाइक लेकर अपनी प्रेमिका से मिलने गया था युवक जब प्रेमिका से मिलाकर वापस जाने लगा तो अचानक वह एक सूखे कुएं में गिर गया,युवक के घर पर उसकी प्रेमिका ने फोन किया तो पता चला वह घर नही पहुंचा,जिसके बाद किसी घटना के बारे में आशंकित होकर उसके भाई और अन्य लोग आए उसको खोजने लगे लेकिन वह नही मिला लेकिन उसकी बाइक कोखराज थाना क्षेत्र में मिल गई, जिसके बाद परिजनों ने कोखराज थाना में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई।मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। घायल युवक के भाई ने बताया कि उनके पास सूचना आई तो वह अपने भाई को खोजने के लिए आए थे,देर रात तक वह खोजबीन करते रहे लेकिन वह नही मिला,जिसके बाद सुबह लोगो ने उसे कुएं में देखा तो पुलिस को सूचना दी, सुबह हम लोग फिर उसको खोजने आए तो कुएं के पास खून पड़ा हुआ था,और उसको घसीटने का निशान भी मिला है।पुलिस ने उसे कुएं से बाहर निकाला है और इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।आशंका है कि कुछ युवकों ने उनके भाई को मारपीट कर कुएं में फेंक दिया है।पुलिस जांच कर कर रही है।वही इस मामले में एएसपी समर बहादुर ने बताया कि एक युवक की कल कोखराज में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी जिसे सकुशल बरामद कर लिए गया है,जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# एनएसएस कार्यक्रम में पौधारोपण करने का लिया संकल्प



राष्ट्रीय सेवा योजन कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में 16 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत तीसरे दिन क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्राथमिक विद्यालय बिरौली और और पू0 मा० वि० परसरा का भ्रमण किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई के साथ हुआ उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा समवेत स्वर में लक्ष्य गीत गाया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवको ने बिरौली ग्राम के निवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयत्न किया।उन्होंने गावँ में लोगों से वृक्ष लगाने का संकल्प लिया इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक के सभी बच्चों से बात कर न केवल उनको पर्यावरण के बारे में बताया अपितु उनको स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देने की बात बताई। इसके उपरांत उन्होंने पर्यावरण के दूषित होने पर होनेवाले नुकसान पर भी चर्चा की।।भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने जीवन में पर्यावरण के महत्व और नवीन ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में सारगर्भित व्याख्यान दिया। स्वयंसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी और डॉ0 दीपक ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर बच्चों द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## न्यूज झरोखा

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय निपुण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में दिनांक 16 मार्च से महाविद्यालय की रोवर/रेंजर्स ईकाई का प्रवेश एवम निपुण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन सर्वप्रथम उदघाटन सत्र से प्रारम्भ हुआ शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अरविंद कुमार द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर एवम पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्यामबाबू ने प्राचार्य सर का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर के आरम्भ की औपचारिक घोषणा करते हुए प्राचार्य जी ने रोवर/रेंजर्स प्रशिक्षुओं को अपने संबोधन में बताया की रोवर/रेंजर्स का उद्देश्य सेवा है। उन्होंने बताया कि रोवर अथवा रेंजर्स का मुख्य गुण है प्रत्येक परिस्थिति में देश सेवा और अपने कर्तव्य के लिए तत्पर रहना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को स्कार्फ में लगी गांठ के महत्व को समझाते हुए कहा कि ये गांठ हर समय हमारी सेवा भाव और कर्तव्य की प्रतिज्ञा की याद दिलाने के लिए होती है। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अथिति एवम समस्त अतिथि गण का स्वागत महाविद्यालय के रोवर प्रभारी डा०नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक श्यामबाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट,रेंजर प्रशिक्षक सुश्री वंदना कुशवाहा एवम रोवर प्रशिक्षक श्री अभय प्रताप सिंह द्वारा शिविर का संचालन किया गया। धन्यवाद महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी रीता दयाल द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षण का प्रारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। प्रशिक्षुओं को प्रार्थना , झंडागीत , प्रतिज्ञा, नियम इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० अनिल कुमार , डॉ०अजय कुमार, डॉ०नीलम बाजपेई, डॉ०भावना केशरवानी, डॉ०तरित अग्रवाल डॉ०पवन कुमार, डॉ०रमेश चन्द्र, डॉ०अमित शुक्ल, डॉ०सन्तोष कुमार, डॉ०शैलेष मालवीय एवम समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

### नेशनल इंटर कॉलेज में घोषित किया गया परीक्षा फल



**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में छात्रों को परीक्षा फल कालेज के प्रधानाचार्य कलीम अहमद के द्वारा घोषित किया गया इस अवसर पर सभी छात्र उपस्थित रहे जिसमें कक्षा 11 के छात्र राहुल पाल ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 9 में उज्जवल दुबे कक्षा 8 में यश ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया कालेज के प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने इस अवसर पर सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में और क्षेत्र में सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया प्रधानाचार्य ने बतलाया कि विद्यालय आगामी शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो जाएगा कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार सिंह विनोद मिश्रा अजय कुमार गंगा प्रसाद संतोष यादव राजेश यादव स्वतंत्र श्रीवास्तव राकेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे

### घर से गायब बालिका को खोजने की अपील

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की बालिका 2 दिन से घर से लापता है मामले की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी है पुलिस ने बालिका को खोजने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद बालिका का सुराग नहीं लगा है पुलिस ने जनता से अपील की है कि मोहिनी उर्फ रीना पुत्री जयकरण उम्र 17 वर्ष निवासी सैदानपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी दिनाक 14.मार्च से घर से लापता है ।दिखने पर तत्काल सूचना दीजिए ।सूचना देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। बालिका के बारे में जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी मंझनपुर 9452403763 चौकी प्रभारी दीवार कोतारी उ0नि0 दीपक मिश्रा 8869921843 के नंबर पर सूचित करने की पुलिस ने अपील की है।

## दबंगों ने विधवा महिला के घर का बारजा ढ़हाया विरोध करने पर महिला, बहू व बेटा को मारा पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के ओदारपुर गांव की विधवा महिला रामा देवी पत्नी स्व० कृष्णा प्रसाद तीन दिन पूर्व अपने घर का निर्माण कार्य करा कर दरवाजे के सामने छत पर बारजा निलवा दिया था! पड़ोस के ही दर्जनों लोगों ने एक राय होकर आज गुरुवार की सुबह करीब 8:00 बजे विधवा महिला रामा देवी के घर जाकर छत का बारजा ढहाने लगे विधवा के मना करने पर विपक्षी गण एकजुट होकर गाली गलौज देते हुए लात घूंसा डण्डा से मारने पीटने लगे चीख पुकार सुनकर विधवा महिला का लड़का व बहू मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगे तो विपक्षी गणों ने बेटा और बहू को भी मारे पीटे पीड़ित महिला, बेटा - व- बहू को काफी चोंटे आयी है ! महिला ने दर्जन भर लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना चरवा में नाम जद तहरीर दिया! तहरीर पाते ही चरवा पुलिस जांच में जुट गयी!

## दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत 15.04.2016 को नाबालिग से दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त रामप्रसाद पुत्र बरमदीन निवासी भदवां थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे- 07/स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में परवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कठोर कारावास तथा 31,000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 07 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## गैर इरादतन हत्या के अभियुक्तों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत 02.04.2005 को वादी रामचरन पुत्र स्व0 गुलजार पासी निवासी कशिया पश्चिम थाना कोखराज द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्तों द्वारा वादी के पिता को कुल्हाड़ी से सिर पर चोट पहुंचाकर घायल कर दिया गया है, जिनकी इलाज हेतु ले जाते समय मृत्यु हो गयी है। इस सम्बन्ध में थाना कोखराज पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों सुरेश सिंह पटेल पुत्र मोती सिंह पटेल व रोशन सिंह पटेल पुत्र सुन्दर सिंह पटेल निवासीगण कशिया पश्चिम थाना कोखराज को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10-10 वर्ष सश्रम कारावास तथा 20-20 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 06-06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में शकुन ने वेट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने अवगत कराया हे कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, गौतम बुद्ध नगर में किया गया। उन्हांने बताया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 13 मार्च से 15 मार्च 2023 तक आयोजित की गई। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के कौशांबी जनपद के 6 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें शकुन ने वेट लिफ्टिंग (59 किग्रा0) में प्रथम स्थान व शार्टपुट थ्रो में द्वितीय स्थान एवं कुस्ती (59 किग्रा0) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शोभा देवी ने 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान तथा नमन कुशवाहा ने भाल फेक प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित करते हुए जनपद कौशांबी का नाम रोशन किया है।

जन संपादकीय

# ऑस्कर के मंच पर भारत का जलवा

**95वें** एकेडमी अवाड्र्स यानी ऑस्कर अवार्ड 2023 के मंच पर इस बार भारत का जलवा रहा। भारत ने दो ऑस्कर अवार्ड अपने नाम किए हैं। एसएस राजामौली की बहुचर्चित फिल्म 'आरआरआर' के प्रसिद्ध गीत 'नाटू नाटू' ने 'बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग' श्रेणी में और कार्तिकी गोंजाल्विस और गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म श्रेणी में ऑस्कर जीता है। भारत की ओर से ऑल दैट ब्रीथ भी ऑस्कर के लिए नामांकित हुई थी, लेकिन यह अवार्ड नहीं जीत पाई। भारतीय फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इस बार ऑस्कर के मंच पर अवार्ड देने के लिए उपस्थित थीं। ये सारे पल भारत के लिए बेहद खास हैं। क्योंकि अमूमन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फिल्मों या गीतों को बड़े पुरस्कारों के लिए कम ही चुना जाता है। इन अवाड्र्स पर अक्सर हॉलीवुड का दबदबा रहता आया है। लेकिन अब इस परिदृश्य में बदलाव महसूस किया जा सकता है। भारतीय फिल्मों, गीतों यहां तक कि टीवी धारावाहिकों की धूम कई देशों में मची हुई है। अब तो फिल्मों की कमाई में यह भी देखा जाने लगा है कि विदेशी थियेटरों में किसी फिल्म ने कितना बिजनेस किया। एशियाई देशों या उन देशों में जहां प्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में हैं, वहां भारतीय मनोरंजन उद्योग का कारोबार भी फैल गया है। लेकिन मनोरंजन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कला जिस सम्मान और पहचान की तलबगार थी, वह कमी भी अब किसी हद तक पूरी हो रही है। कई भारतीय कलाकार विदेशी फिल्मों में अपनी पहचान बना चुके हैं। अभिनय के अलावा, निर्देशन और संगीत के क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहे हैं। और अब ऑस्कर मिलने से भारतीय कलाकारों की पहचान का दायरा और बढ़ गया है। नाटू-नाटू और द एलिफेंट व्हिस्परर्स से पहले 2008 में आई फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेर' के गीत जय हो ने तीन ऑस्कर अवार्ड अपने नाम किए थे। इसमें गीत के लिए गुलजार, संगीत के लिए ए.आर.रहमान और बेस्ट साउंड मिक्सिंग के लिए रेसुल पोकुट्टी को ऑस्कर मिला था। प्रख्यात फिल्म निर्देशक सत्यजीत राय को 1991 में ऑनरेरी लाइफटाइम अचीवमेंट के ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया था। और ऑस्कर के मंच पर भारत का नाम रौशन करने का कमाल सबसे पहले कॉस्ट्यूम डिजाइनर भानु अथैया ने किया था। जिन्होंने 1983 में आई ऐतिहासिक फिल्म गांधी के लिए पोशाकें तैयार करने का काम किया था। इस तरह पांच ऑस्कर अवार्ड के बाद एक लंबे विराम के बाद फिर से भारत का परचम लहराया है। नाटू-नाटू ने अभी कुछ समय पहले ही गोल्डन ग्लोब अवार्ड जीता था और तभी से संभावनाएं व्यक्त की जा रही थीं, इस बार ऑस्कर भी इसकी झोली में आएगा। नाटू-नाटू गीत और इस पर हुए नृत्य की धूम दुनिया भर में मची हुई है। सोशल मीडिया का कमाल यह भी है कि एक बार कोई चीज चर्चा में आ जाए, तो फिर तरह-तरह से उसे मनोरंजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित कलाकारों एनटीआर जूनियर और रामचरण की जुगलबंदी ने इस गीत में नई जान फूंक दी। दोनों ही अभिनेता उम्दा नर्तक भी हैं और फिल्म आरआरआर के निर्देशक राजामौली चाहते थे कि दोनों की नृत्य प्रतिभा का ऐसा इस्तेमाल हो कि दर्शक आनंद के एक अलग स्तर पर पहुंच जाएं। इस गीत के रचयिता चंद्रबोस और संगीतकार किरावानी ने राजामौली की ख्वाहिश को हकीकत में उतारने की कोशिश शुरू की। गाना लिखने और धुन पिरोने की प्रक्रिया का काम 2020 से शुरू हुआ और कई महीनों की मेहनत 2023 में रंग लाई। आरआरआर फिल्म 1920 में होने वाली घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, इसलिए गीत भी उसी कालखंड के मुताबिक तैयार किया गया। गीत में तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानीय बोलों का खूब इस्तेमाल हुआ है। 'मिरापा टोक्कु' (पिसी लाल मिर्च) और 'दुमुकुल्लदतम' (ऊपर-नीचे कूदना) जैसे प्रचलित तेलुगू शब्दों के साथ तेलुगू लोककथाओं के चरित्रों को इस गीत में इस्तेमाल किया गया है। कालभैरव और राहुल सिपलीगुंज ने गीत को आवाज दी है। दोनों दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने गायक हैं और अब इनकी आवाज अंतरराष्ट्रीय पटल पर गूंज रही है। शार्ट डाक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' इंसान और प्रकृति के अद्भुत, नाजुक, संवेदनशील रिश्तों के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी पर आधारित है। इस फिल्म को ऑस्कर दिलाने का श्रेय दो महिलाओं, फिल्म निमार्ता गुनीत मोंगा और निर्देशक कार्तिकी गोंसाल्विज को जाता है। गुनीत मोंगा दसवेदानियां, गैंग्स ऑफ वासेपुर, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई, द लंचबॉक्स, शाहिद, और मानसून शूटआउट जैसी फिल्मों की निमार्ता हैं। उनकी कई फिल्मों की स्क्रीनिंग इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी हो चुकी है। लेकिन ऑस्कर तक पहुंचने का यह पहला मौका उन्हें मिला। जबकि कार्तिकी गोंसाल्विज फिल्म जगत में नई हैं, लेकिन जिस तरीके से उन्होंने इस फिल्म में जानवर और इंसान के बीच की कहानी को दिखाया है, उनकी प्रतिभा का लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। हाथियों और इंसानों के रिश्तों पर पहले भी कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन इस फिल्म में कई हादसों से गुजर चुके दो अनाथ हाथियों और उनकी देखभाल के लिए आगे आए बमन और बेला नाम के दो किरदारों को बहुत खूबसूरती से उकेरा गया है। दो इंसानों के आपसी रिश्ते, अलग-अलग वक्त पर गोद लिए गए हाथियों के बच्चों के साथ उनका जुड़ाव, उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़ती जिंदगी, इन सबका चित्रण इस डाक्यूमेंट्री में हुआ, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। 2023 में भारतीय फिल्मों को मिली ये पहचान इस मायने में भी खास है, क्योंकि पिछले कुछ वक्त से फिल्मों या फिल्मों से जुड़े लोगों के विवाद ही सामने आ रहे थे। फिल्म इंडस्ट्री पर राजनैतिक विवादों का साया पड़ने लगा था, जो स्थापित कलाकारों और उभरती प्रतिभाओं दोनों के लिए नुकसानदायक था।

# प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ भारत की लड़ाई

**प्रियंका**

**एक** नई रिपोर्ट के अनुसार, जी20 देशों में प्लास्टिक की खपत 2050 तक लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है। इसलिए खतरे को भांपते हुए कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। । उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। भारत ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी "कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमता" है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व



(ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग, कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थमोकौल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर - उदाहरण के लिए, सभी पेट्रोकेमिकल उद्योगों को - प्रतिबंधित वस्तुओं में लगे उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण समितियां एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं में लगे उद्योगों के लिए वायु/जल अधिनियम के तहत जारी सहमति को संशोधित या रद्द कर देंगी। स्थानीय अधिकारियों को इस शर्त के साथ नए वाणिज्यिक लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिया गया है कि उनके परिसर में एसयूपी आइटम नहीं बेचे जाएंगे, और मौजूदा वाणिज्यिक लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे यदि वे इन वस्तुओं को बेचते पाए गए। कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के 200 निमार्ताओं को एकमुश्त प्रमाणपत्र जारी किया है और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए बीआईएस मानकों को पारित किया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडित किया जा सकता है - जो 5 साल तक की कैद, या 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों की अनुमति देता है। उल्लंघनकर्ताओं को पर्यावरण क्षति मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी कहा जा सकता है। प्लास्टिक पर कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक संधि के गुण सभी देशों पर कानूनों का एक समान सेट लागू होता है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया भर में संचयी प्रयास को बढ़ावा मिलता है। भूमि, समुद्री आदि सभी प्रकार के प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए वैश्विक अभियान को मजबूत करता है। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक वित्तीय तंत्र बनाने में मदद करता है। सभी देश संधि का पालन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं क्योंकि प्लास्टिक का विकल्प अवहनीय या दुर्गम या अनुपलब्ध हो सकता है। सामान्य

> भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट आवंटन सुनिश्चित करके चुने गए उपाय को प्रभावी ढंग से लागू करें। यदि आवश्यक हो तो चुने गए उपाय की निगरानी करें और समायोजित करें और प्रगति पर जनता को अपडेट करें। उत्पादकों पर प्लास्टिक के सभी रूपों के संग्रह, पुनर्चक्रण और प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करने का दबाव बढ़ना तय है

लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत के खिलाफ जाता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए प्रभावी ज्ञान की आवश्यकता होती है, न केवल प्लास्टिक का उत्पादन करने वालों में बल्कि इसे संभालने वालों में भी। ब्रांड के मालिक और निमार्ता को यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि पैकेजिंग का उद्देश्य पूरा होने के बाद एक प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री का क्या अंजाम होगा। नागरिकों को व्यवहार में बदलाव लाना होगा और कूड़ा नहीं फैलाना होगा और अपशिष्ट पृथक्करण और अपशिष्ट प्रबंधन में मदद करनी होगी। चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के डिजिटल समाधानों के विकल्प के विकास में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, स्टार्ट-अप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों और स्टार्ट-अप के छात्रों के लिए इंडिया प्लास्टिक चैलेंज-हैकथॉन 2021 का आयोजन किया गया है। कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। विकल्प बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री के आयात पर करों को कम करना या समाप्त करना। उद्योग को कर छूट या अन्य शर्तों को लागू करके इसके संक्रमण का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करें। प्लास्टिक पैकेजिंग के आयातकों और वितरकों सहित सरकारों को प्लास्टिक उद्योग के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अनुकूल होने का समय दें। सार्वजनिक भलाई को अधिकतम करने के लिए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर करों या लेवी से एकत्रित राजस्व का उपयोग करें। पर्यावरणीय परियोजनाओं का समर्थन करें या धन के साथ स्थानीय पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें। सीड फंडिंग के साथ प्लास्टिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में रोजगार सृजित करें।

भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट आवंटन सुनिश्चित करके चुने गए उपाय को प्रभावी ढंग से लागू करें। यदि आवश्यक हो तो चुने गए उपाय की निगरानी करें और समायोजित करें और प्रगति पर जनता को अपडेट करें। उत्पादकों पर प्लास्टिक के सभी रूपों के संग्रह, पुनर्चक्रण और प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करने का दबाव बढ़ना तय है। व्यक्तियों और संगठनों को अब सक्रिय रूप से अपने आसपास से प्लास्टिक कचरे को हटाना चाहिए और नगर निकायों को इन वस्तुओं को एकत्र करने की व्यवस्था करनी चाहिए। स्टार्टअप्स और उद्योगों को प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के नए तरीकों के बारे में सोचना चाहिए।

# 17 विपक्षी दलों का ईडी को साझा पत्र

**एडवोकेट किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर इतिहास गवाह है कि, हर सरकारों पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगता रहता है,क्योंकि कई बार हम मीडिया के माध्यम से जानते रहते हैं कि जो पक्ष था उसकी सरकार विपक्ष और फिर विपक्ष की सरकार पक्ष पर छापे पढ़ते रहते हैं। शायद हम अंदाज लगा सकते हैं कि एक बार उच्चतम न्यायालय ने भी एक जजमेंट में सीबीआई को तोता कमेंट किया था।इसलिए अधिक कुछ कहने की जरूरत नहीं है। परंतु वर्तमान कुछ समय से सीबीआई के स्थान पर ईडी का बवाल और खौफ अधिक छाया हुआ है, जिसका वर्तमान कुछ मंत्रीयों उपमुख्यमंत्री पूर्व मुख्यमंत्रियों केंद्रीय मंत्रियों सहित अनेक राजनीतिज्ञ लपेटे में आए हुए हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अच्छा खासा परेशान हो रहा है, जिसकी परिणीति दिनांक 15 मार्च 2023 को संसद से सड़क और फिर ईडी कार्यालय तक साझा विपक्षी दलों ने मार्च निकाला जिन्हें दिल्ली पुलिस ने विजय चौक पर धारा 144 का हवाला देते हुए रोक दिया। हालांकि संसद में या संसद के बाहर यही पार्टियां, भावी पीएम सहित अनेक मुद्दों पर धुर विरोधी हैं परंतु, ईडी मुद्दे पर एक हैं और इसको उठाकर संविधान बचाओ पर प्रखर हो रहे हैं, परंतु जनता जनार्दन ईश्वर अल्लाह का रूप होती है वह सब जानती है कौन कितने पानी में है। चूंकि आज संसद से सड़क तक फिर ईडी कार्यालय तक मार्च हुआ जिसे रोक दिया गया इसलिए आज हम मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 17 विपक्षी दलों का ईडी को साझा पत्र।ईडी का कसता शिकंजा, ईडी पीछे पड़ी भ्रष्टाचारियों की सुख चैन नींद उड़ी। साथियों बात अगर हम 17 विपक्षी पार्टियों द्वारा ईडी को लिखे गए पत्र की करें तो, उद्योगपति मुद्दे को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार परहमलावर है। इस बीच कई विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखा है।विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रवर्तन निदेशालय से अपील की है कि वह शेल कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग सहित भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर उद्योगपति समूह के खिलाफ जांच शुरू करे। ईमेल किए गए एक पत्र में पार्टियों ने जांच एजेंसी से कहा कि वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर काम नहीं कर सकती है। बता दें कि इस पत्र पर कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई-एम, जदयू, एसएस (यूबीटी), राजद, डीएमके, जेएमएम, आप, आईयूएमएल, वीसीके, केरल कांग्रेस और अन्य नेताओं ने हस्ताक्षर भी किए हैं।ईडी को लिखे पत्र में विपक्षी नेताओं ने कहा कि हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि कैसे हाल के दिनों में ईडी ने भी कथित राजनीतिक पक्षपात के मामलों को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाया है, जिसमें सेबी और सीबीआई के साथ समवर्ती अधिकार क्षेत्र साझा करना भी शामिल है। पत्र में आगे लिखा है कि हम इस विषय पर नियुक्त सुप्रीम कोर्ट आयोग के सीमित दायरे से भी अवगत हैं। हम ईडी को यह याद दिलाना चाहते हैं कि वह इन या अन्य आधारों पर अपने अधिकार क्षेत्र को छोड़ नहीं सकता है। उन्होंने ईडी निदेशक से कहा कि विपक्ष के सदस्य आपसे उपर्युक्त आरोपों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। पत्र में आगे दावा किया गया है कि पिछले तीन महीनों में सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योगपति समूह के खिलाफ कई महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन फिर भी प्रवर्तन निदेशालय जो इस तरह के मामलों को दृढ़ता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाने का दावा करता है। उनकी ओर से अभी तक इन गंभीर आरोपों की प्रारंभिक जांच भी शुरू नहीं की गई है। उन्होंने पत्र में कहा कि इसके चलते हम इस आधिकारिक शिकायत को दर्ज करने के लिए विवश हैं, ताकि ईडी को एक ऐसे रिश्ते की जांच करने के लिए मजबूर होना पड़े, जिसका न केवल हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि सबसे महत्वपूर्ण हमारे लोकतंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथियों बात अगर हम 15 मार्च 2023 को विपक्ष द्वारा संसद से सड़क और ईडी कार्यालय तक मार्च की करें तो, इससे पहले आज उद्योगपति मुद्दे पर केंद्र को घेरने के लिए 17 विपक्षी दलों ने संयुक्त तौर पर संसद भवन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर तक मार्च निकाला था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उनको विजय चौक पर ही रोक दिया। संसद से लेकर सड़क तक इस मामले को विपक्ष पुरजोर तरीके से उठा रहा है। विपक्षी पार्टियों के सांसदों के इस मार्च को संसद भवन के बाहर विजय चौक पर ही दिल्ली पुलिस ने धारा 144 का हवाला देते हुए रोक दिया। साथियों अब सवाल उठता है कि हर कोई जानना चाहते है ईडी है क्या ? एक जमाना था जब हम छोटे थे तो सीबीआई का नाम बुलंदियों पर चलता था, इसका ऐसा डर समया रहता था कि सीबीआई की रेड के नाम से बड़ी-बड़ी हस्तियों के पसीने छूट जाते थे, यह नाम इतना प्रसिद्ध और खौफ पैदा करता था कि हम बच्चे अपने बचपन के चोर सिपाही खेल में भी सीबीआई के नाम का उपयोग करते थे तो हम आज अंदाज लगा सकते हैं कि यह नाम कितना प्रसिद्ध होगा!! परंतु समय के बदलते चक्र में सब के दिन स्थिर नहीं होते आज के वर्तमान परिपेक्ष में सीबीआई का नाम ईडी के रूप में परिलक्षित हो गया है, क्योंकि आज ईडी का नाम सुनते ही भ्रष्टाचार में लिप्त बड़े बड़े अधिकारियों, नेताओं, व्यापारियों, व्यवसायियों सहित नशे मानव तस्करी ब्याज खोरी इत्यादि का काम करने वाले दो नंबरी दस नंबरी सभी पावर पावरफुल लोगों के पसीने छूट जाते हैं क्योंकि हम आज देख रहे हैं कि बड़े-बड़े नेताओं पर ईडी का शिकंजा कस रहा है जो स्पष्टतः संकेत है कि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने में अधिक समय नहीं लगेगा!! पिछले कुछ वर्षों से हम मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि संसद व विधायिका में बैठकर कानून बनाने वाले कुछ सदस्यों पर ही इसका शिकंजा अधिक कस रहा है।

साथियों बात अगर हम ईडी की करें तो, यह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में रेवेन्यू डिपार्टमेंट के तहत आने वाली एक स्पेशल जांच एजेंसी है, जो वित्तीय गड़बड़ियों से जुड़े मामलों की जांच करती है। ईडी का गठन 1 मई 1956 को किया गया था। पहले इसका नाम एन्फोर्समेंट यूनिट था। हालांकि, 1957 में इसका नाम बदलकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर दिया गया, प्रवर्तन निदेशालय मुख्य रूप से फेरा, फेमा और पीएमएलए कानूनों के तहत काम करता है। इन कानूनों में आर्थिक धोखाधड़ी को रोकने के लिए जो प्रावधान किये गये हैं उन्हीं के तहत यह आरोपितों पर कार्रवाई करता है। इस एजेंसी का मुख्यालय दिल्ली में है लेकिन इसके आफिस देशभर में है। दिल्ली के अलावा मुंबई, चेन्नई, कोलकाता में इसके रीजनल आफिस हैं। इसके अलावा लगभग हर राज्य में ईडी के जोनल और सब जोनल आफिस हैं। इस समय ईडी के तहत लगभग दो हजार आफिसर कार्यरत हैं जो विभिन्न सेवाओं से ईडी में डेपुटेशन पर आते हैं। इसमें आईआरएस, आईएएस और आईपीएस सेवाओं से आनेवाले अधिकारी होते हैं।

# कांग्रेस पीछे हटने को तैयार नहीं

**संसद** के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा सोमवार से शुरू हुआ। लेकिन अनुमान के मुताबिक सत्र लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष हिंडनबर्ग-अडानी मामले में सवाल कर रहा है और संयुक्त संसदीय समिति से इसकी जांच की मांग कर रहा है। लेकिन केंद्र सरकार इस पर न बहस होने दे रही है, न कोई जवाब दे रही है। जैसे चीन की अतिक्रमण नीति पर प्रधानमंत्री मोदी अब तक चीन का नाम सीधे लेने से बचते आए हैं, उसी तरह अडानी प्रकरण पर उन्होंने चुप्पी साध ली है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रधानमंत्री का यह रवैया काफी अजीब है कि विपक्ष आपसे किसी बात पर जवाब चाहे, और आप उसके सवालों को अनसुना ही कर दें, जवाब देना तो दूर की बात है। अडानी प्रकरण पर विपक्ष किसी तरह पीछे नहीं हट रहा है। सत्र चलेगा तो विपक्ष फिर सवाल करना शुरू कर देगा। लेकिन सत्र तो चल ही नहीं पा रहा, क्योंकि भाजपा राहुल गांधी से माफी की मांग पर हंगामा कर रही है। ब्रिटेन के दौरे पर राहुल गांधी ने केंब्रिज से लेकर ब्रिटिश संसद तक जो कुछ कहा, वह सब ऑन रिकार्ड है। फिर भी उसके चुनिंदा हिस्सों को आधे-अधूरे ढंग से पेश कर माहौल ऐसा बना दिया गया है कि राहुल गांधी ने विदेश जाकर देश की आलोचना की और आंतरिक मामलों में दूसरे देशों से मदद मांगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के सहारे ट्रोल करने वालों के लिए यह आम बात है। उनका रोजगार झूठ की इसी दुकानदारी से चलता है। लेकिन संसद के माननीय सदस्यों से यह अपेक्षा नहीं होती कि वे भी इसी तर्ज पर चलेंगे। मार्च आधा बीत गया, लेकिन राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए बयानों पर आलोचना करने के लिए भाजपा की ओर से रोज कोई न कोई सदस्य उठ खड़ा होता है। मौजूदा मंत्रियों से लेकर पूर्व मंत्रियों और बड़े पद की आस लगाए बैठ कुछ पूर्व नौकरशाह, पत्रकार, सभी राहुल निंदक प्रभाग से जुड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की आलोचना के साथ अब संसद में मांग की जा रही है कि राहुल गांधी माफी मांगे। सोमवार, मंगलवार, बुधवार, तीन दिनों तक लगातार इसी बात पर हंगामा होता रहा और संसद ठप्प होती रही। भाजपा शायद यह मानकर चल रही है कि संसद में अडानी प्रकरण नहीं उठेगा या विपक्ष के सदस्यों पर जांच एजेंसियों की दबिश पड़ेगी, तो विपक्ष की आवाज मद्धिम हो जाएगी। लेकिन भाजपा का यह अनुमान गलत साबित हो रहा है। संसद ठप्प होने से विपक्ष जो मांग वहां नहीं उठा पा रहा है, उसे अब सड़कों पर उतर कर उठाया जा रहा है। बुधवार को 18 दलों के विपक्षी नेताओं ने प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर तक मार्च निकालने का फैसला किया और संसद में संयुक्त रणनीति बनाने के बाद एक साथ बाहर निकले। विपक्षी दलों ने विरोध मार्च निकालकर अडानी मामले में जांच एजेंसी को शिकायत सौंपने का फैसला किया। लेकिन उन्हें विजय चौक पर ही रोक दिया गया। पुलिस ने विपक्षी सांसदों को आगे नहीं बढ़ने दिया। जिस पर राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ने 200 सांसदों को रोकने के लिए दो हजार पुलिस तैनात की है। कितनी डर गई है सरकार अडानी का मुद्दा उठाने से। देश की राजधानी दिल्ली में संसद सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की ये बातें केवल देश की हदों तक सीमित नहीं रहेंगी। पूरी दुनिया ने देखा होगा कि कैसे विपक्षी सांसदों पर दबाव बनाया जा रहा है। क्या इससे देश की बदनामी नहीं होगी कि जो लोग अपने देश को लोकतंत्र की जननी कहते हैं, वे किस तरह लोकतांत्रिक अधिकारों में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। भारतीय जनता भी लोकतंत्र को इस तरह तमाशे में बदलते देख रही है। जब सरकार ने दावा किया है कि भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशीलता रहेगी, तो उस बात को अमल में क्यों नहीं ला रही है। अडानी प्रकरण में कौन गलत है और कौन सही, इसका पता तो जांच के बाद ही पता चलेगा। चुप लगा जाना तो किसी मुद्दे का समाधान नहीं है। या तो सरकार खुल कर कहे कि अडानी समूह पर जो भी आरोप हिंडनबर्ग रिसर्च फर्म ने लगाए हैं, वे सब गलत हैं और अपनी ओर से क्लीन चिट दे दे। या फिर विपक्ष की तसल्ली के लिए जेपीसी गठित करे, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। ऐसा करने से मोदी सरकार अपनी मजबूती ही साबित करेगी।

## देश गया तेल लेने

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बेबी**! तुम्हें ऐसा कैसा भूत चढ़ा है। सब कुछ अच्छा तो चल रहा है। इतनी खूबसूरत हो। इतनी जवान हो। अभी अगले दस साल तक तुम्हारे पास कोई फटकने वाला भी नहीं है। फिर यह बेवजह की जिद क्यों कर रही हो? चलो यहाँ से अमेरिका चलते हैं। वहाँ भी तुम्हारी खूबसूरती के बेशुमार दीवाने हैं। मेरी बात मानो यह देशभक्ति छोड़ो अपना मेकअप किट संभालो। देश को बचाने का काम सैनिकों का है, हमारा नहीं। हम सेलिब्रिटीज हैं। हमारा काम पेज थ्री में बना रहना है। लाइमलाइट की चकाचौंध से घिरे रहना है। यह देशभक्ति का जुनून आर्मी वालों को फबता है। ऐसी पागलपंती तुम्हें सूट नहीं करेगी। अपने लिए न सही अपने फैंस का तो खयाल करो। इस गोरे और कोमल बदन पर इतनी ज्यादती तो न करो। देश को बचाने के लिए कोई न कोई सिरफिरा, जुनूनी और पागल मिल जाएगा। लेकिन तुम्हें कुछ हो गया तो तुम्हारे फैंस का क्या होगा? उन्हें तुम्हारी जैसी खुबसूरती का कहर बरपाने वाला कहाँ मिलेगा। तुम्हारी अदा और शोखियों के कितने दीवाने हैं यह भला तुम जानती भी हो। भावनाओं में बहकर तुम बचकाना हरकतें मत करो। देश का मतलब महज मिट्टी तो है।

इसके लिए भला कोई सेंटी होता है। प्रैक्टिकल बनो प्रैक्टिकल। इस देश से जितना हमें कमाना था कमा लिया। अब यहाँ से निकलो। चलते हैं किसी और देश। देखना वहाँ पर भी तुम्हारे कातिल जलवे के चाहने वाले लाखों मिलेंगे। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के बॉय फ्रेंड ने कहा।

## फटाफट खबरें

### श्रीमद्भागवत कथा दौरान हुई फूलों की होली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यालय के पावर हाउस के समीप चल रही श्रीमद्भागवत के विश्राम दिवस पर कथावाचक अनुराग पांडे जी महाराज ने श्रोताओं को सुदामा चरित की कथा सुनाई। तत्पश्चात फूलों की होली का आयोजन किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान यज्ञ में भागवताचार्य आचार्य अनुराग पांडेय ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग और योग मार्ग के रास्ते पर चले तो जरूर भगवद प्राप्ति होगी है। इस मार्ग में चलना आसान नहीं है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में भगवान को प्राप्त करने के लिए तीन मार्ग बताए हैं। उन्होंने कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि सच्चे हृदय से शिव की शरण में जाने से व्यक्ति के सारे दुर्गुण सद्गुण में बदल जाते हैं भगवान शिव का अवतार इस संसार में कुटिल जी ऊपर करुणा करने के लिए हुआ है हम कहते हैं कि यहां कलयुग है लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यह कथायुग है अगर प्रभु की कथा नहीं होती तो भला मानव रुपी कुटिल पापी जीवों का उद्धार संभव नहीं था। यदि कथा सुनना नहीं बना तो कुछ भी नहीं बनेगा संगीतमय कथा मे तबलावादक सौरभ पांडेय, आर्गन अनुज मिश्रा, पैड वादक धीरेंद्र, हारमोनियम मे राकेश उपाध्याय, श्रंगारी भाव विवेक द्विवेदी को सुनकर श्रोता भावविभोर रहे। कथा मे यजमान सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### अवैध कब्जा कर दबंग महिला को दे रहे धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक गरीब महिला का कच्चा घर गिराकर अवैध कब्जा करने से मना करने पर उसे अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गृहस्वामिनी ने संबंधित थाने में तहरीर सौपी। कार्यवाही न होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक को सौपे पत्र में मांग की है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराते हुए सुरक्षा दिलाई जाए।

कर्वी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिलौरा के मजरा पडरी निवासी राजकली पत्नी हीरालाल ने पुलिस अधीक्षक को सौपे पत्र में अवगत कराया कि गत दिवस ग्राम के ही चार स्वजातीय लोगों ने उसके कच्चे घर की दीवार गिराकर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। उक्त कार्य का विरोध करने पर उसे तथा पति हीरालाल को दो दबंगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर मारापीटा। इस पर भी संतोष नहीं हुआ और लाठी डंडे लेकर चढ़ाई कर दिया। पति ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण करने से रोक दिया। राजस्व अधिकारियों से पैमाइश कराने की सलाह दी। भुक्तभोगी महिला ने बताया कि आरोपी धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत किया तो अंजाम गंभीर होंगें। सौपे गए पत्र में मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए।

### पीडित महिला ने मदद को सौंपा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक अनाथ गरीब महिला को प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने के लिए धनराशि स्वीकृत हुई। जब वह निर्माण कार्य करा रही थी तो पिलर भरने के लिए गढ्ढा खुदवाया। जिसे ग्राम के दबंगों ने मिट्टी से भर दिया और निर्माण कार्य करने से रोक दिया। पीड़ित महिला ने संबंधित अधिकारियों को इस आशय का पत्र सौपकर निर्माण कार्य कराने में मदद देने की फरियाद लगाई है।

कर्वी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोलगदहिया की बबिता सेन पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि उसकी भूमि गांव में है। इस भूमि को उनके ससुर मुन्नालाल के नाम दर्ज है। इसी भूमि पर उसके नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। बताया कि मकान न होने के चलते वह दूसरे मकान में निवास करती है। निर्माण शुरू कराया तो गांव के चार लोगों ने पिलर के लिए खोदे गए गढढे को बंद कर दिया। मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देते हुए कहा कि निर्माण कराया तो जान से मार देंगें। सौपे गए पत्र में मांग की है कि निर्माण कार्य कराने में सहयोग किया जाए।

### जिले में 331 गांवों में शौचालय संचालित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीपीआरओ ने बताया कि जिले के 331 गांवों में सामुदायिक शौचालय संचालित है। उन्होंने अपील किया कि हर व्यक्ति शौचालय का प्रयोग करें। जिससे स्वच्छता बनी रहे। शासन की मंशानुरूप स्वच्छ भारत मिशन को बल मिल सके।

जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र ने बताया कि जिले के 331 गांवों में सामुदायिक शौचालय हैं। कुछ शौचालयों में बिजली व्यवस्था नहीं है। जिसे जल्द ठीक कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौंच न जाए। बताया कि 308 ग्राम पंचायतों में समूह से शौचालय की देखरेख की जा रही है। शेष सामुदायिक शौचालयों के देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम समिति की है। सफाई के लिए छह हजार व तीन हजार रुपए मेंटीनेंस के लिए ग्राम समिति के माध्यम से दिया जाता है।

### एक अप्रैल तक चलेगा मूल्यांकन कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 17 मार्च से शुरू होगा, जो एक अप्रैल तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि मूल्यांकन कार्य को सफलतापूर्वक संपादित कराने के उद्देश्य से मूल्यांकन केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में तैयारियां जोरों पर हैं।

वरिष्ठ प्रवक्ता परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी व राजेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, डॉ. रमेश सिंह चंदेल, शैलेंद्र कुमार सिंह, रामगोपाल दुबे, गौरीश तिवारी, प्रवीण त्रिपाठी, वीरेंद्र शुक्ला, शंकर यादव मिलकर परीक्षकों के बैठने और टोलियों का निर्माण आदि औपचारिकताएं पूर्ण करने में जुटे हैं। उप प्रधानाचार्य डॉ श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला ने बताया कि इस बार हाईस्कूल की 88 हजार और इंटर में 57 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। इसके लिए हाई स्कूल में 36 टोली और इंटर में 35 टोली कापियां जांचने के लिए लगाई जाएंगी। कापियां जांचने के लिए हाई स्कूल में बोर्ड द्वारा 261 परीक्षक और 36 डिप्टी हेड लगाए गए हैं। इसी प्रकार इंटर की कॉपियों को जांचने के लिए 214 परीक्षक और 25 डिप्टी हेड नियुक्त किए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं के रखरखाव के लिए कोठार बनाए गए हैं। हाईस्कूल कोठार के प्रभारी जयशंकर प्रसाद ओझा और इंटर कोठार के प्रभारी विजय कुमार पांडेय बनाए गए हैं।

# धर्मनगरी चित्रकूट के विकास को लेकर सरकार कटिबद्ध: राजा बुंदेला

## दो दिवसीय दौरे में आए फिल्म अभिनेता नें तमाम संगठनों से की सीधी चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्मनगरी आए बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने संतों, व्यापारियों, बुंदेली सेना, किसानों समेंत विभिन्न संगठनों से भेंट की। तीर्थक्षेत्र की समस्यायों के समाधान के लिए संतों को सीएम से मिलाने और किसानों को कृषि मंत्री से लखनऊ में भेंट कराने का उन्होंने वादा किया। व्यापारियों से भी उन्होंने उद्योगपतियों की समिट कराने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट के विकास को लेकर गंभीर हैं। फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में लगभग आधा सैकड़ा किसानों ने डाक बंगला में भेंट की। किसानों से एक घंटे की विस्तृत चर्चा हुई। कृषि और किसानी की तमाम समस्यायों के समाधान के लिए राजा बुंदेला नें किसानों को कृषि मंत्री और शासन के सचिव स्तरीय अधिकारियों से भेंट कराने का वायदा किया। इस दौरान किसानों नें ज्ञापन भी सौंपा। इसी तरह उद्योग व्यापार मंडल के



जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी के साथ व्यापारियों नें राजा बुंदेला से भेंट किया। व्यापारियों को उन्होंने सुझाव दिया कि समय पर तीर्थक्षेत्र में व्यापारिक समिट आयोजित की जानी चाहिए। नए उद्योगपति बुलाए जाएं। यहां का माहौल देखने के बाद कोई भी आकर्षित होगा। रामघाट स्थित भरत मंदिर में दिगंबर अखाडा के महंत दिव्यजीवन दास के नेतृत्व में संतों की बैठक हुई। संतों ने तीर्थक्षेत्र के विकास को लेकर तमाम सुझाव दिए। अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल भाई से उनके संस्थान पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने वनवासियों के गोपाल भाई पुस्तक भेंट की। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे के आवास में बैठक कर राजा बुंदेला नें सहकारिता चुनाव को लेकर चर्चा की। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने राजा बुंदेला का गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के संगठन महामंत्री शानू गुप्ता ने व्यापरियों के साथ राजा बुंदेला का रामनामी और कामतानाथ जी का चित्र सौंपकर स्वागत किया। इस दौरान बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, डा. आश्रय सिंह, जानकी शरण गुप्ता, अतुल सिंह, वीपी पटेल, सुनील कुमार, बद्री सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई मां रत्नावली का जन्मोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर के तुलसी जन्मकुटीर में माँ रत्नावली की 413वीं जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से उनके पैतृक निवास में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्रकाशधर दुबे प्रयागराज तथा मुख्य अतिथि के रूप में राजेशधर दुबे गोरखपुर ने माँ रत्नावली के चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए प्रारम्भ किया।





बताते चलें कि सन्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के पैतृक जन्मकुटीर में बड़े धूम धाम के साथ ज्ञान, वैराग्य, समर्पण त्रितत्वों से युक्त माँ रत्नावली की 413वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर एक विशाल समारोह का आयोजन यमुना के तट पर किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रयागराज से आए पण्डित प्रकाशधर दुबे तथा विश्व कल्याण एवं ज्योतिष संस्थान प्रयागराज के पण्डित प्रकाशधर दुबे एवं मुख्य अतिथि राजेशधर दुबे महामंत्री उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ गोरखपुर मौजूद रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि राजेशधर दुबे ने कहा कि जिस प्रकार से शक्ति के बिना ब्रह्म अधूरा है उसी प्रकार नारी शक्ति के द्वारा कालिदास, तुलसीदास एक महान व्यक्तित्व को धारण करते हुए रामचरितमानस जैसे ग्रन्थ को लिखकर हिन्दी में बिंदी लगा दिया है और सम्वत 1631 में मुगलों के शासन काल के समय रामचरितमानस की रचना सनातन धर्म की रक्षा और सुरक्षा का एक ग्रंथ के रूप में कवच दिया था। इस ग्रन्थ ने राम को पुरुषोत्तम राम व उनके चरित्र का वर्णन समाज के लिए एक मार्गदर्शन के रूप में देखा जाता है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे पण्डित प्रकाशधर दुबे प्रयागराज ने कहा कि राजापुर एक महान धाम के रूप में विकसित होना चाहिए, यहाँ पर आत्माराम दुबे व माता हुलसी के घर मे एक अमोल रत्न रामबोला प्रकाश कुंज की तरह आया था और पूरे विश्व में श्रीरामचरितमानस की रचना कर समाज को भक्ति एवं सत्मार्ग पर चलने के लिए अनेकों प्रकार के रास्ते बताए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे जनपद कौशाम्बी के महेवाघाट के देवीचरण पाठक के घर शक्ति स्वरूपा के रूप में माँ रत्ना ने जन्म लिया था जिन्होंने अज्ञानी रामबोला को अपने उपदेश से ज्ञान, वैराग्य, भक्ति के मार्ग में ले जाने के लिए उपदेश देते हुए कहा था कि ह्यह्यअस्थि चर्म मम देह में तामे ऐसी प्रीति। जो कहुं होय श्रीराम पर तो न होय भयभीत।ह्यह्य के उपदेश को सुनकर तुलसीदास जी को ज्ञान, वैराग्य, भक्ति के मार्ग में चलने की प्रेरणा के साथ समस्त तीर्थक्षेत्रों में जा जाकर सत्संग के माध्यम से भक्ति की ओर अग्रसर होते हुए महान ग्रंथ श्रीरामचरितमानस की रचना माँ रत्नावली के उपदेश के बाद ही की थी। उन्होंने तुलसी जन्मस्थली राजापुर के प्राचीन इतिहास को बताते हुए कहा कि सबसे पहले विक्रमपुर, फिर रजियापुर और उसके बाद राजापुर नाम पड़ा और माँ रत्ना के उपदेश से उत्पन्न वैरागी तुलसी ने माँ रत्ना से जाते जाते कहा था कि एक बार मैं जरूर आपसे मिलने आऊंगा और अंतिम क्षण गोस्वामी तुलसीदास जी ने माँ रत्ना को देखा और माँ रत्ना ने सन्त वेशभूषा में गोस्वामी जी को देखा और देखते ही अश्रुपूरित नेत्रों से देखते हुए साकेत धाम को चली गई। तब से प्रतिवर्ष माँ रत्ना की जन्म शताब्दी समारोह मनाने की परम्परा चली आ रही है।

रत्नावली जन्मोत्सव की आयोजिक सरिता पाण्डेय व डॉ० राजेन्द्र पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों को श्रीरामचरितमानस, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और जन समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए सरिता पाण्डेय ने कहा कि भारतवर्ष में महापुरुषों की जयन्ती मनाई जाती है। लेकिन नारी जाति की उन वीरांगनाओं उपदेशक जैसी नारियों की जयन्ती नहीं मनाई जाती जबकि नारी समाज मे शक्ति स्वरूपा के रूप में विद्योत्मा, रत्ना आदि जैसी महान नारियों की जयंती नहीं मनाई जाती है जिसे मनाने की आवश्यकता है।

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी से मरीज परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में तैनात डाक्टरों ने सीएमएस पर आरोप लगाया कि बेवजह परेशान किया जाता है। दबाव होने के चलते सही तरीके से ड्यूटी नहीं कर पाते। इसी रवैए के चलते कई चिकित्सको ने सशर्त इस्तीफा भी दे दिया है। कुछ लोग छोड़ कर चले गए हैं। इस संबंध में उच्चाधिकारियों समेत जिलाधिकारी को पत्र सौपकर अवगत करा चुके हैं।

संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डा ऋषि कुमार, ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को भेजे पत्र में कहा कि कई वर्षों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर रहे थे। तीन जुलाई को इमरजेंसी से फोन आया कि गंभीर मरीज भर्ती हुआ है। इस बिना विलंब किए मरीज का इलाज किया। इसके बाद वार्ड में जाकर बैठ गए। इस दौरान आउट सोर्सिंग से नियुक्त वार्ड आया आई और एक महिला मरीज को देखने के लिए कहा। इस पर उन्होंने महिला चिकित्सक से इलाज कराने की सलाह दी तो अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी। तत्कालीन डीएम के आदेश पर मामले की जांच के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर उन्होंने फिर आला अफसरों से शिकायत किया। इसके बाद उन्हें सीएचसी शिवरामपुर भेज दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि सीएमएस को ड्यूटी के संबंध में प्रमाण देने के बावजूद तीन माह का वेतन नहीं दिया जा रहा। 24 फरवरी को जिला चिकित्सालय में ड्यूटी के निर्देश मिले। आरोप लगाया कि सीएमएस द्वेषपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। उन्हे अभी तक उक्त मामले में न्याय नहीं मिला। कहा कि अगर इंसाफ नहीं दिया गया तो वह त्याग पत्र सौपेंगें।

इसी प्रकार चिकित्सालय में तैनात एनएचएम के डा. विनोद कुमार ने सीएमएस पर आरोप लगाया कि आए दिन ड्यूटी के दौरान परेशान किया जाता है। जिसकी शिकायत एनएचएम सहित डीएम से की है। प्रतिमाह धनराशि की मांग की जाती है। धमकी दी जाती है कि यहां से हटा दिए जाओगें। बताया कि इसी कार्यशैली के चलते डा. ऋषि कुमार, डा. अनीता, डा. लाल रत्नाकर, डा. अमित प्रताप सिंह भी ड्यूटी छोड़कर चले गए हैं। रवैए में सुधार न हुआ तो जिला अस्पताल में कोई भी डाक्टर कार्य करने से डरेंगें। उन्होंने बताया कि मामले से आला अफसरों को अवगत कराया गया है।

# दूसरे दिन जारी रहा विद्युत कर्मियों की हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को दूसरे दिन भी अधिकारी, कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बताया कि ऊर्जा मंत्री के लिखित समझौते को लागू करने के लिए 15 दिन का समय लिया गया था, परन्तु तीन माह से ज्यादा समय बीतने के बावजूद कारवाई नहीं की गई।

ऐसे में विद्युत कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार की रात 10 बजे तक कार्य बहिष्कार किया जायेगा। सभी अधिकारियों ने कार्य बहिष्कार तक सीयूजी नंबर मोबाइल से निकाल कर संयोजक के पास जमा किए हैं। कहा कि समझौता पत्र पर कार्रवाई नहीं होती तो रात दस बजे से सभी ऊर्जा निगमो के अधिकारी व कर्मचारी 72 घटे के सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगें। इस दौरान अगर उत्पीडन किया जाता है तो तत्काल बेमियादी हड़ताल को विवश होंगें। समझौता पत्र की प्रमुख मांग है सभी ऊर्जा निगमो में चेयरमैन, प्रबंध निर्देशको नियुक्ति, प्रदेश सरकार की मेमोरंडम आफ आर्टिकल के संशोधित आदेश के तहत करने, सभी बिजली अधिकारी व कर्मचारी को पूर्व की भांति पदोन्नति वेतनमान, संविदा कर्मियों को सामान कार्य का सामान वेतन, पावर सेक्टर इम्प्लाइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, निजीकरण बन्द किया जाए, विघुत उत्पादन ग्रहो ओवरा, अनपरा के तापीय नयी यूनिटों का निजीकरण बन्द हो। इस दौरान संयोजक ब्रजेश कुमार, के-के वर्मा, एसडीओ, आशीष सिंह, रमाशंकर गुप्ता, शिवम् गुप्ता, अवर अभियंता शैलेश प्रजापति, अनुपम कुमार, महेश कुमार मौर्य, रंजीत प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, करन सिंह, ईश्वर सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सौरभ अग्रहरि, गिरीश कुमार, दारा सिंह, विजय कुमार, रामआसरे आदि मौजूद रहे।

# कार से घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया चक्काजाम

**प्रयागराज।** थाना शंकरगढ़ के नारीबारी क्षेत्र में कार दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे को लेकर सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चक्काजाम किया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों के समझाने पर चक्काजाम समाप्त कर पुलिस ने पंचनामा भरकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना शंकरगढ़ पुलिस चौकी नारीबारी क्षेत्र के सलैया खुर्द गांव में गुरुवार सुबह 7 बजे के लगभग कार की टक्कर से बाइक चालक रामबाबू मांझी (30) पुत्र हरिलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ने शंकरगढ़ पुलिस को गाड़ी नम्बर के साथ आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जब तक करती तब तक ग्रामीणों ने पुलिस पर कार चालक को बचाने का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। मृतक रामबाबू की पत्नी आरती देवी व उनकी तीन बेटियों सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह, एसीपी बारा संतलाल सरोज द्वारा परिजनों को समझाया गया। कुछ समय चक्का जाम के बाद परिजन चौकी पर कार्यवाही को लेकर बैठे रहे। घटना के संदर्भ में एसीपी बारा संतलाल सरोज ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर शंकरगढ़ थाने में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही कार व चालक को पकड़ विधिक कार्यवाही की जाऐगी। एसीपी बारा के काफी मान मनौवल व मुआवजे के आश्वासन पर परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए विधिक कार्रवाई की जाने लगी।

## न्यूज झरोखा

### नजूल की भूमि नगर पालिका में दर्ज, फिर भी अराजकतत्व लेते हैं पैसे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केसरवानी समाज के लोगों ने पुरानी बाजार स्थित रामलीला भवन को लेकर जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि रामलीला भवन हरबंस केसरवानी, महादेव केसरवानी ने 1953 में निर्मित कराया था। जिसमें रामलीला व शादी विवाह या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए निःशुल्क दिया जाता है। यह नजूल की भूमि नगर पालिका में दर्ज है। पिछले 15 सालों से कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के रूप में वहां पर हैं शादी विवाह अन्य कार्यक्रम जो होते हैं उसका पैसा लेते हैं। पहले रामलीला भवन जो बनाया गया था उसको उन्होंने नष्ट करने का प्रयास किया। जिससे केसरवानी समाज आहत हुआ है। मांग किया कि रामलीला भवन को इनके संरक्षण से मुक्त कराकर केसरवानी समाज या सरकारी संरक्षण में सौंपा जाए। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर राकेश केसरवानी, नरेश केसरवानी, राजू केसरवानी, अंकित, रोहित, जितेन, राहुल, अभिषेक, कृष्णा, रवि, किशन, संदीप, यशू, अंकुर केसरवानी आदि मौजूद रहे।

### मजदूर संघ ने प्रदेश आवाहन पर सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आवाहन पर जिले के कर्मचारियों ने समस्याओं के निदान को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा।

गुरुवार को संघ के विभाग प्रमुख धर्मनरेश, जिलाध्यक्ष सत्यव्रत त्रिपाठी, संरक्षक ओमप्रकाश द्विवेदी, रत्ना देवी, मनोज कुमार, शिव प्रताप, वंदना पांडेय, दिनकर पयासी, दिनेश कुमार, राजनारायण आदि ने मुख्यमंत्री संबोधित डीएम को सौपे गए ज्ञापन में कहा कि एम्बुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली की जाए। धन उगाही पर तत्काल रोक लगे। एनएचएम के संविदा कर्मियों के बीमा, स्थानान्तरण, वेतन विसंगतियों की समस्याओं का समाधान करें। आशा संगिनी को न्यूनतम 18 से 24 हजार मानदेय करते हुए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने समेत आंगनबाडी व सहायिकाओं को नियमित कर मानदेय 18 हजार किया जाए। पटरी, रेहडी दुकानदारों को समुचित स्थान मिले। आटो रिक्शा स्टैन्ड बने। चालक, धोबी, दर्जी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार को मजदूर की श्रेणी प्रदान करें। संविदा सफाई कर्मियों को नियमित कर 18 हजार वेतन दिया जाए। सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में कार्यरत संविदा कर्मियों का उत्पीडन बंद हो। मिड डे मील कर्मियों का वेतन दस हजार, पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। शिक्षामित्र, पंचायत मित्र का मानदेय 24 हजार कर अनुभव के आधार पर सरकारी घोषित करें।

### ईट राइट इंडिया स्टाल मेला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में ईट राइट इंडिया स्टाल, मेला आयोजन के संबंध में समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को मेला प्रदर्शनी जनसेवा इंटर कॉलेज में लगाया जाए। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष मनाया जा रहा है। इसमें कृषि, उद्यान, दूध उत्पादन, सहकारी समिति, मुदित बेकरी, विनय किराना, काजल स्वीट, कामदगिरि स्वीट, खाद्य सुरक्षा आदि विभागों के स्टाल लगाए। कुछ और बेकरी वालों को भी इसमें सम्मिलित करें जो मिलेट को प्रमोट करते हो। कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का भी स्टाल लगाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक अच्छा कराएं। इस अवसर पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक कर्वी रामजन्म यादव, एसडीएम न्यायिक सतीश चंद्र, सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ सीआर प्रजापति, अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### किसान की मौत से मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खेत में पानी लगाने गए किसान की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

ये घटना बीती शाम मऊ थाना क्षेत्र के भट्ठा गांव स्थित खेत में हुई। बताया गया कि भट्ठा मऊ निवासी किशोर (46) पुत्र गया प्रसाद निषाद अपनी पत्नी उर्मिला देवी के साथ बुधवार की दोपहर पांच किमी दूर अपने खेत में पानी लगाने गया था। कुछ देर बाद पत्नी को वापस घर भेज दिया। शाम को जब परिजनों ने किशोर को फोन लगाया तो उसका फोन नहीं उठा। परिजन खेत देखने गए तो किसान अचेत अवस्था में पड़ा था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना परिजनों ने मऊ थाने में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के छोटे भाई धनपत ने बताया कि किशोर के नाम लगभग 15 बीघे जमीन थी। उसके शरीर में कोई चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कार्यवाही करेंगे। मृतक के चार पुत्री व एक पुत्र है। तीन भाईयों में सबसे बड़ा था।

### एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**मीरजापुर।** सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अप्रैल 2023 के लिए प्रथम अंतरविभागीय बैठक हुई। उप मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल वेक्टर बार्न डॉ गुलाब वर्मा ने बताया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड का ट्विटर अकाउंट हैक

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। इस ट्विटर अकाउंट से कुछ अप्रासंगिक विषयों को रीट्वीट किया गया है। इस अकाउंट से तीन अलग-अलग समय पर तीन अलग-अलग और अप्रासंगिक रीट्वीट हुए। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक सूर्य किरण शर्मा ने कहा कि ट्विटर अकाउंट में आ रही समस्या के समाधान के लिए अध्ययन किया जा रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता महादेव पंथ ने बताया कि इस बारे में जानकारी ली जा रही है, इसके बारे में बाद में विस्तार से बताया जाएगा। हाल ही में नेपाल में सरकारी एजेंसियों के डिजिटल दस्तावेजों के असुरक्षित होने का मुद्दा उठाया जा रहा है। फरवरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी एवं नेपाली कांग्रेस की सांसद डॉ. आरजु राणा देउबा ने साइबर सुरक्षा पर सवाल उठाया था। कुछ दिन पहले सुरक्षा एजेंसी के एक जनरल का जीमेल अकाउंट हैक कर लिया गया था।

## न्यूजीलैंड में भूकंप के तेज झटके

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड में गुरुवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। भूकंपीय गतिविधि पर नजर रखने वाली संस्था यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक केरमाडेक द्वीप समूह में 7.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप से हुए नुकसान की जानकारी भूकंप समुद्र में आया है इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि भूकंप के एपिक सेंटर से तीन सौ किमी के दायरे में सुनामी आने का खतरा है। प्रशासन की तरफ से संभावित इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि 6 फरवरी को तुर्किये और सीरिया में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था जिसने व्यापक पैमाने पर तबाही मचाई थी। इस भूकंप ने करीब 50 हजार लोगों की जान ले ली।

## ब्रिटेन और जर्मनी के लड़ाकू विमानों ने एस्तोनिया के पास रूसी विमान को रोका

**लंदन।** रूस और यूक्रेन के पास आसमान में टकराव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच ब्रिटिश और जर्मन वायुसेना के लड़ाकू विमानों को एस्तोनियाई हवाई क्षेत्र के करीब उड़ान भरने वाले एक रूसी विमान को खदेड़ने के लिए रवाना किया गया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

रूस के जवाब में ब्रिटेन और जर्मनी अपने पूर्वी किनारे को मजबूत करने के नाटो प्रयासों के तहत एस्तोनिया में संयुक्त हवाई पुलिसिंग अभियान में हिस्सा ले रहे थे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस के एयर-टू-एयर ईंधन भरने वाला एक विमान एस्तोनियाई हवाई यातायात नियंत्रण के साथ संवाद करने में विफल रहा, जिसके बाद टाइफून जेट विमानों ने मंगलवार को जवाब दिया। नाटो के एक सदस्य देश ने कहा कि रूसी विमान नाटो के सदस्य एस्तोनिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाया। ब्रिटेन और जर्मन विमान अप्रैल के अंत तक नाटो बाल्टिक हवाई पुलिसिंग अभियान के तहत एक साथ गश्त कर रहे हैं।

## मेडागास्कर से प्रवासियों को लेकर जा रही नाव पलटी, 34 मरे

**अंतानानारिवो।** मेडागास्कर के अधिकारियों ने बताया कि प्रवासियों को लेकर जा रही एक नौका हिंद महासागर में पलट गई है। इस घटना के कारण अब तक 34 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस नौका पर 58 यात्री सवार थे, जो



बिना वैध अनुमति के मयोटे की ओर जा रहे थे। समुद्री प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अप्रवासियों को ले कर जा रही नौका शनिवार देर रात को मेडागास्कर के उत्तर-पश्चिमी तट के पास डूब गई थी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग एंबिलोब, तमतावे और माजुंगा के निवासी थे।

# रक्षा मंत्रियों के बीच बातचीत, रूस ने अमेरिका पर लगाया जासूसी का आरोप

### उकसावे की कार्रवाई पर हम देंगे उचित जवाब : रूसी रक्षा मंत्री

**मॉस्को/ वाशिंगटन।** काला सागर क्षेत्र में अमेरिकी ड्रोन गिराए जाने की घटना के बाद रूस और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। रूस और अमेरिका के सेना प्रमुखों के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच भी बातचीत हुई है। इस दौरान रूस ने अमेरिका पर जासूसी का आरोप लगाया है।

हाल ही में काला सागर के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिका के सैन्य टोही ड्रोन रीपर की रूस के लड़ाकू विमान एसयू-27 से टक्कर हो गई थी। टक्कर के बाद ड्रोन काला सागर में गिर गया। रूस के लड़ाकू विमान द्वारा पीछा कर सैन्य ड्रोन गिराए जाने का आरोप लगाकर अमेरिका ने कड़ी आपत्ति जताई थी और रूस के राजदूत को तलब कर नाराजगी जाहिर की थी। रूस में अमेरिका के राजदूत ने भी इसे लेकर नाराजगी जाहिर की। रूस का कहना है कि यह एक दुर्घटना थी और ड्रोन को गिराने के लिए किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं किया गया था। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। रूस के सेना प्रमुख वालेरी गारसिमोव और अमेरिका के सेना प्रमुख मार्क माइली के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। इसके बाद रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई सोइगु ने



अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के बीच फोन पर बातचीत हुई। बातचीत के दौरान रूस के रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिका द्वारा रूस की जासूसी की जा रही है, जिसके चलते ड्रोन वाली घटना हुई। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के रणनीतिक ड्रोन का क्रीमिया के तट पर उड़ान भरना उकसावे की कार्रवाई है। इससे दोनों देशों के बीच काला सागर इलाके में लड़ाई के हालात बन सकते हैं। रूस अभी ऐसी उकसावे की कार्रवाई में नहीं पड़ना चाहता लेकिन अगर यह जारी रहा तो इसका उसी अनुपात में जवाब दिया जाएगा।

इस बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बयान जारी कर कहा कि जहां-जहां अंतरराष्ट्रीय कानून उड़ान की इजाजत देते हैं, वहां अमेरिका अपने एयरक्राफ्ट उड़ाता रहेगा। यह रूस के ऊपर है कि वह अपने एयरक्राफ्ट को सुरक्षित और सही तरीके से संचालित करे। ड्रोन गिराने की घटना को अमेरिका ने रूस की लापरवाही और गलत रवैया करार दिया है। अमेरिका के सेना प्रमुख मार्क माइली ने कहा कि पेंटागन घटना के वीडियो का विश्लेषण कर रहा है और यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि असर में हुआ क्या था।वे जानते हैं कि जानबूझकर हमारे ड्रोन को इंटरसेप्ट किया गया। यह जानबूझकर उग्र तरीके से किया गया और यह बेहद गलत और असुरक्षित है।

# एरिक गार्सेटी का नामांकन: दो साल बाद भारत में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति

**वाशिंगटन।** लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी के भारत में अमेरिका के नए राजदूत के रूप में नामांकन पर अमेरिकी सीनेट की मंजूरी से दो साल बाद भारत में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। जनवरी 2021 में केनेथ जस्टर के इस्तीफे के बाद से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद रिक्त चल रहा था।

अमेरिका में जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद जनवरी 2021 में भारत में अमेरिका के तत्कालीन राजदूत केनेथ जस्टर ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में राजदूत पद पर एरिक गार्सेटी की नियुक्ति का एलान किया था। उस समय उनके नामांकन को संसद में वोटिंग के लिए नहीं लाया गया था, क्योंकि संसद में सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के पास पर्याप्त समर्थन नहीं था।

पिछले हफ्ते ही, अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों की समिति ने भारत में राजदूत के लिए एरिक गार्सेटी के नामांकन को मंजूरी दी थी और इसे सीनेट के पास मंजूरी के लिए भेज दिया था। समिति ने 13-8 के वोटों से उनके नामांकन को मंजूरी दी थी। विदेश मामलों की समिति में शामिल डेमोक्रेट के सभी सदस्यों के साथ-साथ रिपब्लिकन सीनेटर टॉड यंग और बिल हेर्टी ने भी एरिक गार्सेटी के पक्ष में मतदान किया था। अब सीनेट ने भी एरिक गार्सेटी के नामांकन को मंजूरी दे दी है। सीनेट में उनके नामांकन के पक्ष में 52 और विपक्ष



में 42 सांसदों ने मतदान किया।

यूएस सीनेट से अपने नामांकन को मंजूरी मिलने के बाद एरिक गार्सेटी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह आज के नतीजे से काफी खुश है, जो लंबे समय से खाली पड़े महत्वपूर्ण पद को भरने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति जो बाइडन और व्हाइट हाउस के आभारी हैं। वे भारत में अमेरिका के महत्वपूर्ण हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली अपनी सेवा शुरू करने के लिए तैयार और उत्सुक हूं। लॉस एंजिल्स में चार फरवरी 1971 को जन्मे एरिक एक अच्छे फोटोग्राफर, जैज पियानिस्ट और कंपोजर हैं। वह अमेरिकी नेवी के रिजर्व इंफॉर्मेशन डोमिनेंस कॉर्प्स में लेफ्टिनेंट रह चुके हैं। 2013 में पहली बार उन्होंने लॉस एंजिल्स के मेयर का चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। 2017 में दोबारा मेयर बने। इसके पहले 2006 से 2012 तक वह लॉस एजिल्स सिटी काउंसिल के प्रेसिडेंट भी रह चुके हैं। एरिक का विवादों से भी नाता रहा है। एरिक गार्सेटी के करीबी रिक जैकब्स पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। आरोप है कि मेयर पद रहने के दौरान एरिक ने इस मामले को नजरअंदाज किया था। इसी आरोप के चलते एरिक गार्सेटी की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी के साथ ही कुछ डेमोक्रेट सांसद भी एरिक गार्सेटी की दावेदारी का विरोध कर रहे थे।

एरिक गार्सेटी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी माने जाते हैं। वे बाइडन के चुनावी अभियान के सह अध्यक्ष रहे हैं। आज भी राष्ट्रपति के सबसे करीबी और अहम राजनीतिक साथी हैं। माना गया था कि वह बाइडेन की कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं। लेकिन रिक जैकब्स विवाद के सामने आने के बाद उनका यह मौका खत्म हो गया।

## मरियम औरंगजेब का दावा, इमरान खान की गिरफ्तारी रोकने के लिए गिलगित-बाल्टिस्तान बल का हो रहा इस्तेमाल

**लंदन।** पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी रोकने के लिए पंजाब पुलिस के खिलाफ 'गिलगित-बाल्टिस्तान बल' का इस्तेमाल किया जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया की एक रिपोर्ट के



अनुसार, मरियम औरंगजेब ने कहा कि पंजाब पुलिस पर हमला करने के लिए एक 'गिलगित-बाल्टिस्तान बल' का इस्तेमाल किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान कानून प्रवर्तन अधिकारी निहत्थे थे। औरंगजेब के बयान को सही ठहराते हुए पाकिस्तान सरकार ने गिलगित-बाल्टिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मुहम्मद सईद का तबादला कर दिया। बता दें कि गिलगित-बाल्टिस्तान की सत्ता पर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर काबिज है। मरियम औरंगजेब ने आगे इमरान खान पर देश में अशांति और अराजकता फैलाने का भी आरोप लगाया। दावा किया कि खान ने पुलिस के साथ झड़प में महिलाओं और बच्चों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर प्रधानमंत्री रहते उन्हें मिले उपहारों को तोशखाना से कम दाम पर खरीदने और मुनाफे के लिए बेचने के आरोप हैं। साल 1974 में स्थापित तोशखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है और अन्य सरकारों और राज्यों के प्रमुखों एवं विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए कीमती उपहारों को संग्रहीत करता है। इस मामले में फिलहाल लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस को आदेश दिया कि वह तोशाखाना मामले में इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए लाहौर में जमान पार्क स्थित उनके आवास के बाहर अपने अभियान को रोक दे।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की फजीहत, पालतू कुत्ते को बिना चेन पार्क में घुमाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की पालतू कुत्ते की वजह से फजीहत हुई है। वे सेंट्रल लंदन के हाइड पार्क में अपने कुत्ते को बिना चेन के घुमा रहे थे, जबकि पार्क में साफ संकेत हैं कि वन्यजीवों को टहलाने के लिए उन्हें चेन से बांधना जरूरी है। पुलिस ने उन्हें जब इस तरह कुत्ते को घुमाते देखा तो प्रधानमंत्री को नियमों की याद दिलाई। अमेरिका में बर्फीले तूफान ने कहर मचाया। इससे अमेरिका के उत्तर-पूर्व के कुछ हिस्सों में भारी तबाही हुई है। इससे इससे 74,700 से अधिक घरों की बिजली गुल है। तूफान से न्यूयॉर्क, उत्तर पूर्वी पेंसिल्वेनिया व उत्तरी न्यू जर्सी शहर प्रभावित हुआ है। इसके अलावा उत्तरी न्यूयॉर्क और कैटस्किल पर्वत के कुछ हिस्सों में लगभग दो फीट तक बर्फ जमी है।

# दक्षिण कोरिया व अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने फिर दागी लंबी दूरी की मिसाइल

**प्योंगयांग / सियोल।** दक्षिण कोरिया व अमेरिका के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तर कोरिया को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उत्तर कोरिया लगातार मिसाइल दागकर इस सैन्य अभ्यास को लेकर विरोध दर्ज करा रहा है। गुरुवार सुबह एक बार फिर उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल दाग कर दक्षिण कोरिया को चुनौती दी है।

दक्षिण कोरिया व अमेरिका की सेनाएं इस समय संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रही हैं। 13 मार्च से शुरू यह सैन्य अभ्यास 23 मार्च तक चलेगा। उत्तर कोरिया इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का विरोध कर रहा है। यही कारण है कि सैन्य अभ्यास शुरू होने के बाद से उत्तर कोरिया लगातार मिसाइल दाग कर



अपनी ताकत दिखा रहा है। सैन्य अभ्यास शुरू होने के तुरंत बाद उत्तर कोरिया ने दो क्रूज मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद दो छोटी दूरी की मिसाइल दागकर उत्तर कोरिया ने चुनौती दी थी। अब गुरुवार सुबह उत्तर कोरिया ने एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

दक्षिण कोरिया की सेना के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह 7:10 बजे प्योंगयांग से बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी समुद्री जल क्षेत्र की ओर उड़ी। जापानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल जापान के द्वीप से 250 किमी दूर गिरी। इससे पहले इसने लगभग 70 मिनट तक 6,000 किमी से अधिक की ऊंचाई पर लगभग 1,000 किलोमीटर तक उड़ान भरी।

दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि मिसाइल दागने की घटना संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के खिलाफ है। साथ ही चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया को इस उकसावे की कीमत चुकानी पड़ेगी। दक्षिण कोरिया ने जापान और अमेरिका के साथ मजबूत सुरक्षा सहयोग का आह्वान भी किया है। माना जा रहा है कि जापान और दक्षिण कोरिया मिसाइल परीक्षण के बाद यूएन सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की मांग कर सकते हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल जापान के दौरे पर जा रहे हैं। वह टोक्यो में एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा उत्तर कोरिया और अन्य चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बेहतर सहयोग पर चर्चा करेंगे।

# टेररिज्म इंडेक्स रिपोर्ट: अफगानिस्तान सर्वाधिक आतंक प्रभावित, मौतें पाकिस्तान में ज्यादा

**कैनबरा।** दुनिया में अफगानिस्तान सर्वाधिक आतंक प्रभावित देश है किन्तु आतंकवाद के कारण हुई मौतें अफगानिस्तान से ज्यादा पाकिस्तान में हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की वार्षिक ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में वर्ष 2022 में स्थान पर है, किन्तु आतंकवादी घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या वहां अफगानिस्तान से

| RANK | REGION | SCORE ▼ |
|---|---|---|
| 1 | Afghanistan | 8.822 |
| 2 | Burkina Faso | 8.564 |
| 3 | Somalia | 8.463 |
| 4 | Mali | 8.412 |
| 5 | Syria | 8.161 |
| 6 | Pakistan | 8.16 |

ज्यादा और वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान में वर्ष 2022 में आतंकी घटनाओं में 643 लोगों की मौत हुई, जो बीते साल की 292 मौतों के मुकाबले करीब 120 फीसदी ज्यादा है। पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में मरने वाले लोगों में 55 फीसदी सेना या पुलिस के जवान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2007 से 2022 तक पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 14,920 लोगों की मौत हुई है।ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स की रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे ज्यादा आतंकवाद प्रभावित देश तो बताया गया है किन्तु अफगानिस्तान में आतंकी घटनाओं से होने वाली मौतों में 58 फीसदी कमी होने की बात कही गयी है। अफगानिस्तान में वर्ष 2022 में आतंकी घटनाओं में 633 लोगों की मौत हुई, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 1499 था। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में इस्लामिक स्टेट खोरासान सबसे सक्रिय आतंकी संगठन के रूप में उभरा है। अफगानिस्तान में इस आतंकी संगठन ने 2022 में 422 लोगों की हत्याएं की। आतंकी घटनाओं से होने वाली मौत के मामले में अफ्रीकी देश बुर्किना फासो पहले स्थान पर है, जहां 2022 में आतंकी घटनाओं में 1135 लोगों की मौत हुई। बुर्किना फासो में ऐसी ही घटनाओं में 2021 में 759 लोगों की मौत हुई थी।

# चीन से पहले भारत होगी नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की विदेश यात्रा

**काठमांडू।** पुष्प कमल दहल प्रचंड तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा में भारत को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक वे अप्रैल की शुरुआत में भारत जाने की तैयारी कर रहे हैं।

वर्ष 2008 में पहली बार जब पुष्प कमल दहल प्रचंड प्रधानमंत्री बने तो प्रचंड ने चीन से अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू की। नेपाल के सभी प्रधानमंत्रियों की भारत से अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू करने की परंपरा को तोड़ते हुए, उन्होंने चीन की अपनी पहली विदेश यात्रा कर परंपरा को तोड़ा। तब ऐसे विश्लेषण थे कि प्रचंड ने भारत की बजाय चीन के साथ संबंधों को तरजीह दी। लेकिन वर्ष 2016 में जब प्रचंड दूसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने दो महीने से भी कम समय में भारत का दौरा किया। उन्होंने उस समय भारत को प्राथमिकता



में रखते हुए अपना पहला विदेश दौरा किया था। अब जब प्रचंड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा में भारत को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक वे अप्रैल की शुरुआत में भारत जाने की तैयारी कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति का चुनाव 17 मार्च को समाप्त होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार और भारत दौरे का होमवर्क तेज हो गया है।

प्रधानमंत्री बनने के तीन महीने में प्रचंड को विदेशों में विभिन्न सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया, लेकिन वे नहीं गए। वे चीन के हेनान प्रांत में 28 से 31 मार्च तक होने वाले बोआओ सम्मेलन में भी हिस्सा नहीं लेंगे। नेपाल में चीन के राजदूत चैन सॉन्ग ने 22 फरवरी को प्रचंड से मुलाकात की थी

**वर्ष 2008 में पहली बार जब पुष्प कमल दहल प्रचंड प्रधानमंत्री बने तो प्रचंड ने चीन से अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू की।**

और उन्हें बोआओ फोरम फॉर एशिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था।

भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने प्रचंड की भारत यात्रा की तैयारी के लिए नेपाल आए और 15 मार्च को नई दिल्ली लौट गए। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक प्रचंड ने विदेश मंत्रालय से राजदूत शर्मा को अपनी पहली भारत यात्रा की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

# सराफा बाजार- सोने में तेजी, चांदी की चमक घटी

**नई दिल्ली।** एक दिन की गिरावट के बाद ही भारतीय सराफा बाजार में आज एक बार फिर सोने ने तेजी का रास्ता पकड़ लिया। आज की तेजी के कारण ये चमकीली धातु एक बार फिर 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करने में सफल रही। दूसरी ओर चांदी में आज नरमी का रुख बना रहा। आज के कारोबार में ये चमकीली धातु 350 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक की गिरावट का शिकार हो गई। बुधवार को सोने का आखिरी बंद भाव 57,902 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में 200 रुपये से अधिक की मजबूती दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 213 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 125 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की। चांदी आज के कारोबार में 361 रुपये प्रति किलोग्राम फिसल गई। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 213 रुपये की बढ़त के साथ चढ़ कर 58,115 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 211 रुपये की मजबूती के साथ 57,882 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।